दैनिक
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित
वर्ष : 11 अंक : 109 | डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 | जयपुर, शनिवार 09 मई, 2026 | RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | पेज 8+2

# भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट का हैदराबाद में सुपर डुपर रोड शो, कृषि के क्षेत्र में करोड़ों रुपए के हुए समझौते

## कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत और गौतम कुमार के अलावा शिखर अग्रवाल, मंजू राजपाल शाहिद प्रदेश के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद, फिक्की और अन्य औद्योगिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि तथा प्रगतिशील किसान और कृषि वैज्ञानिक भी बड़ी संख्या में रहे मौजूद







जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में दिल्ली, अहमदाबाद और बेंगलुरु के बाद शुक्रवार को तेलंगाना के हैदराबाद में भी ग्लोबल राजस्थान एग्रो टेक मीट का सुपर डुपर रोड शो का आयोजन हुआ। इस विशेष कार्यक्रम में राजस्थान सरकार की और कृषि से जुड़े अन्य क्षेत्र में करोड़ों रुपए के समझौते भी हुए हैं । इन समझौते के तहत जयपुर, दोसा और प्रदेश के कई अन्य जिलों में निवेशकों की ओर से कृषि और कृषि से संबंधित अन्य व्यवसाय से जुड़े प्रोजेक्ट और इकाइयां स्थापित की जाएगी जो निश्चित रूप से प्रदेश में किसान और खेती के विकास और कल्याण में बड़ी भूमिका अदा करेंगी। इस विशेष कार्यक्रम में सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत और गौतम कुमार तक के अलावा भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी शिखर अग्रवाल, मंजूराजपाल और कई अन्य बड़े अधिकारी मौजूद रहे इसके अलावा विभिन्न औद्योगिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि फिक्की से जुड़े प्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रगतिशील किसान भी बड़ी संख्या में यहां अपनी उपस्थिति दिखा रहे थे तो देश के कोने-कोने से और देश से बाहर से आए हुए कृषि वैज्ञानिक भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हैदराबाद को प्रौद्योगिकी और आधुनिकरण के मामले में देश का पहला नंबर का शहर बताते हुए कहा कि यहां कृषि के क्षेत्र में भी नवीन प्रयोग, नवाचार अनुसंधान और रिसर्च की अच्छी व्यवस्थाएं हैं इसलिए यहां पर ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट के आयोजन से राजस्थान के किसान और खेती के विकास और कल्याण को और भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि हैदराबाद में बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी तो रहते हैं ही



इनका सहयोग तो हमें हमेशा मिलता है ही इसके अलावा यहां के लोगों से भी सहयोग के अपेक्षित हैं । उन्होंने कहा कि हैदराबाद में आकर उन्हें हमेशा काफी खुशी होती है खुशी होती है और हैदराबाद का हमेशा राजस्थान को सहयोग मिलता रहा है उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान, प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह और अन्य कार्यक्रमों के सिलसिले में भी पहले यहां आ चुके हैं और ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट के इस रोड शो में तेलंगाना हैदराबाद में कृषि के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों आधुनिक कारण इत्यादि का फायदा इस विशेष कार्यक्रम के माध्यम से राजस्थान के किसानों को और खेती को तो होगा ही इसके अलावा निवेशकों ने भी इस कार्यक्रम में काफी रुचि दिखाई है ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और निर्देशन में हमारी सरकार किसान और खेती के कल्याण और विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है और रोड मैप तैयार करके कृषि और कृषक का विकास किया जा रहा है हमारी सरकार किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में भी लगातार कार्य कर रही है। इसके अलावा पानी बिजली सड़क जैसी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करके किसानों को काफी राहत दी है एक तरफ जहां हमारी सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में पीने के पानी और खेती के पानी की समुचित व्यवस्था के लिए बड़ी-बड़ी योजनाएं धरातल पर उतरी हैं और यमुना जल समझौता जैसी कुछ अन्य बड़ी जल संबंधी योजनाओं की डीपीआर बनाई जा रही है उसकी वजह से राजस्थान में अब किसानों को पानी और बिजली के लिए बिल्कुल भी परेशान नहीं होने दिया जा रहा। इसके अलावा किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिले और उनकी फसल का संरक्षण और भंडारण ठीक तरह से रहे इसके अलावा किसानों को सहकारिता के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाने के अलावा खाद बीज कीटनाशक दवाइयां इत्यादि के वितरण के लिए भी सरकार की ओर से समुचित व्यवस्था की जा रही है। साथ-साथ किसानों को पशुपालन मुर्गी पालन मछली पालन डेरी इत्यादि क्षेत्रों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से और मजबूत बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इन सब प्रयासों से राजस्थान में कृषि और किसानों के विकास की सतत प्रक्रिया तेजी से जारी है इसी क्रम में चालू मई महीने में ही जयपुर में ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट का आयोजन किया जाएगा जिसमें देश दुनिया के कृषि और कृषि से संबंधित व्यवसाययों से जुड़े लोग प्रगतिशील किसान कृषि वैज्ञानिक इत्यादि सभी मौजूद रहेंगे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में खेती में आधुनिकरण नवाचारों पर चर्चा होने के साथ-साथ उन्नत सील और आधुनिक खेती पर पूरा फोकस रहेगा उन्होंने कहा कि हैदराबाद से पहले दिल्ली अहमदाबाद और बेंगलुरु में भी ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट का सफल आयोजन हुआ और इन सभी जगह पर कृषि और कृषि से जुड़े अन्य व्यवसाययों और विभागों में करोड़ों रुपए के समझौते हुए हैं और यहां हैदराबाद में भी कार्यक्रम में करोड़ों रुपए के समझौते हो रहे हैं जो प्रदेश की खेती और कृषक के विकास और कल्याण के लिए काफी फायदेमंद साबित होंगे ।

### *पीएम मोदी कहते हैं देश में सिर्फ किसान, महिला, युवा और मजदूर यह चार जातियां ही हैं*

*कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार यही कहते हैं कि देश में सिर्फ चार जातियां हैं यह जातियां किसान, महिला, युवा और मजदूर और इन चारों जातियों के विकास और कल्याण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा प्राथमिकता दी है जिनका आधार मानकर मोदी सरकार और हमारी सरकार योजनाएं तैयार करती हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के सतत प्रयास कर रही है और राजस्थान में कृषि के क्षेत्र में विकास के अपार संभावनाएं हैं इसीलिए कृषि से सीधे जुड़े विभिन्न व्यवसायों को किसान और खेत से सीधा जोड़कर राजस्थान में आधुनिक खेती को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है ताकि किसानों के उत्पादन में वृद्धि हो और किसानों को उनकी उपज का अच्छा मूल्य मिले तथा कृषक की आर्थिक स्थिति भी काफी मजबूत हो इसीलिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट, जैविक खेती, स्टार्टअप इत्यादि विषयों पर फोकस किया जा रहा है ।*

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जाजोद में मॉर्निंग वॉक :

# बच्चों को चॉकलेट वितरित की और चाय की दुकान पर ग्रामीणों से किया संवाद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जाजोद गांव और आसपास के गांव में रहने वाले लोगों के लिए शुक्रवार का उगता हुआ सूरज उस समय हमेशा हमेशा के लिए यादगार बन गया जब प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए गांव के फेरे लगाते नजर आए। प्रदेश के मुखिया को इस तरह से गांव का भ्रमण करते देखा ग्रामीण लोग काफी अचरज में पड़ गए उन्होंने यह सपने में भी नहीं सोचा था कि राजस्थान का मुख्यमंत्री एक दिन उनके गांव में आएगा और उन्हीं के गांव में रात्रि का भोजन करके गांव में ही रात्रि विश्राम भी करेगा। यह सब भजन लाल शर्मा ने करके दिखाया और बृहस्पतिवार की रात उन्होंने जाजोद गांव में ग्रामीणों से कई देर तक जन संवाद करने के बाद जाजोद गांव निवासी फूलचंद और रंजीत के घर पर रात्रि का भोजन किया भोजन में मुख्यमंत्री शर्मा को बाजरे की रोटी बाजरे की खिचड़ी के सांगरी की सब्जी और अन्य राजस्थानी व्यंजन परोसे गए जिन्हें खाकर मुख्यमंत्री शर्मा ने खुद को काफी भाग्यशाली और भाग्यवान बताया। इसके बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने जाजोद गांव निवासी बंशीधर के घर पर रात्रि विश्राम किया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने दैनिक दिनचर्या में मॉर्निंग वॉक को प्राथमिकता दिए हुए हैं चाहे जयपुर में हो या फिर अन्य किसी जगह पर उनकी ज्यादातर कोशिश मॉर्निंग वॉक करने की हमेशा रहती है इसलिए शुक्रवार को सुबह जल्दी ही मुख्यमंत्री शर्मा मॉर्निंग वॉक के लिए गांव की प्रभात फेरी के लिए निकल गए, मॉर्निंग वॉक की साधारण सी ड्रेस में गांव का भ्रमण करने के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा का सहज सरल और सादगी भरा व्यवहार हर किसी ग्रामीण के दिल को छू रहा था। गांव के भ्रमण के दौरान जैसे ही मुख्यमंत्री शर्मा को स्कूल जाते छोटे बच्चे नजर आए हुए वे तुरंत बच्चों के पास खुद चलकर आए और उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई एग्जाम की तैयारी भविष्य के सपने इत्यादि के बारे में पूछा तो बच्चों ने भी खुलकर अपनी बातें मुख्यमंत्री को बताई काफी



देर तक बच्चों के साथ मुख्यमंत्री शर्मा बातचीत करते रहे इसके बाद उन्होंने गांव में ही चाय की दुकान पर ग्रामीणों के साथ सामूहिक संवाद करने की इच्छा जताई जिसके बाद चाय की दुकान पर ही चाय की चुस्कियां के साथ मुख्यमंत्री शर्मा ने ग्रामीणों से काफी देर तक बातचीत की और केंद्र की मोदी सरकार तथा राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में तो ग्रामीणों से फीडबैक लिया ही इसके अलावा उन्होंने ग्रामीणों से यह भी पूछा कि अगर उन्हें सरकार या प्रशासन से कोई परेशानी है या फिर सरकार या प्रशासन से उनकी कोई डिमांड है तो वह खुलकर बताएं उन्होंने ग्रामीणों से ग्रामीण विकास खेती इत्यादि के बारे में भी सुझाव और सलाह मांगी जिस पर ग्रामीणों ने अपने सुझाव और सलाह भी मुख्यमंत्री के साथ शेयर किया मुख्यमंत्री शर्मा के इस पूरे कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री संजय शर्मा स्थानीय विधायक सुभाष मील रेंज आईजी राहुल प्रकाश सीकर जिला कलेक्टर आशीष मोदी सीकर जिला पुलिस अधीक्षक सहित भाजपा के संगठन से जुड़े छोटे बड़े सभी नेता और सीकर जिला और आसपास के जिले के भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि पूर्व विधायक पूर्व सांसद वर्तमान विधायक इत्यादि सभी मौजूद रहे, बताया गया है कि मुख्यमंत्री शर्मा का जाजोद गांव में रात्रि चौपाल का आयोजन करना और गांव में ही रात्रि विश्राम करके उन्होंने खुद को शासन के मुखिया के तौर पर नहीं बल्कि जनता के सेवक के रूप में प्रस्तुत किया है । उनकी यही अदा लोगों को काफी पसंद भी आ रही है उन्होंने ग्रामीणों से संवाद के दौरान ग्रामीणों ने जो शिकायत और जो जो सलाह और सुझाव मुख्यमंत्री शर्मा को दिए उन सबको शर्मा के साथ मौजूद प्रशासन से जुड़े बड़े अधिकारी अपनी डायरी में हाथों-हाथ ही नोट भी कर रहे थे इसलिए यह कार्यक्रम कहीं ना कहीं आने वाले दिनों में ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीणों की खुशहाली, पंचायत की खुशहाली, कृषि युवा महिला इत्यादि के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं तैयार करने में काफी मददगार साबित होगी इसीलिए मुख्यमंत्री शर्मा जनसंवाद के दौरान गंभीरता से विभिन्न विषयों पर ग्रामीणों से सवाल जवाब करके उनसे आवश्यक फीडबैक ले रहे थे ।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी का प्रदेश भाजपा कार्यालय में किसान मोर्चा की ओर से किया गया ऐतिहासिक स्वागत, किसान मोर्चे की बैठक भी हुई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कासं)**पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी का शुक्रवार को राजस्थान बीजेपी के कार्यालय में पहुंचने पर राजस्थान भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यक्रमों की ओर से शानदार स्वागत किया गया चौधरी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों की जीत को सुनिश्चित करने के लिए कई दिनों तक वहां डेरा डाले हुए थे और वहां पर 28 सीटों पर इन्होंने चुनावी रणनीति तैयार करने के साथ-साथ पार्टी के उम्मीदवारों का चुनाव प्रचार भी किया था इन 28 सीटों में 27 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों की जीत हुई इसलिए इस जीत में चौधरी के प्रयासों की भी बड़ी भूमिका मानी जा रही है इसीलिए पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन होने के बाद चौधरी शुक्रवार को जब राजस्थान भाजपा के कार्यालय में पहुंचे तो वहां पर राजस्थान भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी और मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।




# विश्व रेड क्रॉस दिवस पर रक्तदान एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन, 40 यूनिट्स रक्तदान

## सेंट.जॉन एम्बुलेंस इंडिया के चेयरमैन गिरीश गुप्ता ने 75वीं, रेड क्रॉस सेक्रेटरी डॉ.रूप सिंह ने 56वीं, डॉ.सुधीर गुप्ता ने 27वीं बार स्वेच्छिक किया रक्तदान

जयपुर टाइम्स






**अलवर(निसं.)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 8 मई 2026 को रेड क्रॉस सोसायटी, अलवर द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. एस.सी.मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आई.पी.एस. प्रियंका रघुवंशी-अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), अध्यक्षता विश्व प्रसिद्ध कवि बलबीर सिंह करूण ने की। कार्यक्रम सर हेनरी डूनेंट की तस्वीर पर फूलमाला चढ़ाकर दीप प्रज्वलन के साथ प्रारम्भ किया गया ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान के पश्चात् रक्तदान शिविर प्रारम्भ किया गया। इस मौके पर सेंट.जॉन एम्बुलेंस इंडिया के चेयरमैन गिरीश गुप्ता ने 75 वीं बार, रेड क्रॉस सेक्रेटरी डॉ.रूप सिंह ने 56 वीं बार, डॉ. सुधीर गुप्ता ने 27वीं बार स्वेच्छिक रक्तदान किया। कई नए सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर पहली बार स्वेच्छिक रक्तदान किया कुल 40 यूनिट्स रक्तदान किया गया। प्रियंका रघुवंशी - अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ने अपने उद्बोधन में सभी को वर्ल्ड रेड क्रॉस दिवस की बधाई देते हुए कहा कि रक्तदान वाकई में एक पुण्य कार्य है इससे मानवता जिन्दा रह रही है वही प्रसिद्ध कवि बलबीर सिंह करुण ने अपने उद्बोधन में सभी को खूब हंसाते हुए कहा कि सिर्फ रक्त ही एक ऐसी चीज है जो मानव शरीर में ही बन सकती है उसको किसी अन्य सोर्स से प्राप्त नहीं किया जा सकता अतः जो लोग इस कार्य में लगे हुए है वो वाकई एक अनुकरणीय कार्य कर रहे है मेरा उन सभी को आशीर्वाद है कि इस सेवा पथ पर लगातार चलते हुए मानवता को जिन्दा रखने में अहम् भूमिका निभाते रहे। सचिव डॉ.रूप सिंह ने बताया कि डब्ल्यू एच ओ द्वारा इस वर्ष की थीम - मानवता के पक्ष में रखी गयी है। इस वर्ल्ड रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग रेड क्रॉस भवन पधारे। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के साथ सहयोगी संस्थाओ में भारत विकास परिषद् अलवर, अलवर जिला स्काउट एंड गाइड फ़ेलोशिप, आर.डी.एन.सी.मित्तल फाउंडेशन, मित्तल हॉस्पिटल, लायंस क्लब अलवर मत्स्य, सदभाव मंच, बँधुआ मुक्ति मोर्चा, सुष्टि सेवा संस्थान ने भाग लिया। कार्यक्रम के बाद ही उपस्थित चेयरमैन डॉ. एस.सी.मित्तल, सचिव डॉ.रूप सिंह, संरक्षक हरीश कालरा, उपाध्यक्ष डॉ.सुरेन्द्र जैन, गिरिश गुप्ता सहित करीब 10 सदस्यों के मध्य ये भी निर्णय लिया गया कि वर्तमान कोषाध्यक्ष बाबू झालानी के स्थान पर डॉ. सुधीर गुप्ता को अगले 3 वर्षो के लिए कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया जाए। मक्खन लाल ब्लड बैंक के सचिव मधुर अग्रवाल ने बताया कि मक्खन लाल ब्लड बैंक जल्द स्कीम नंबर 1 में शिफ्ट हो जाएगा जिससे इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर द्वारा जगह मिलने से रेड क्रॉस भवन में ज्यादा से ज्यादा ट्रेनिंग दी जा सकेंगी। कार्यक्रम में चेयरमैन डॉ. एस.सी.मित्तल, सचिव डॉ.रूप सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र जैन, मक्खन लाल ब्लड बैंक के सचिव मधुर अग्रवाल, डॉ. सुशिल बत्रा , भारत विकास परिषद् अलवर से संरक्षक डॉ.के.के.गुप्ता, अध्यक्ष गिरीश गुप्ता, सचिव अशोक कुमार गुप्ता, जिला समन्वयक राधे श्याम, मिठ्ठन लाल गुप्ता, शकुन गुप्ता, अलवर जिला स्काउट एंड गाइड फ़ेलोशिप से संरक्षक हरीश कालरा, आशा कालरा, रामप्रकाश गुप्ता, प्रमिला गुप्ता, सतीश गुप्ता, मिथलेश गुप्ता, अजय जैन, आर.डी.एन.सी.मित्तल फाउंडेशन से अल्का मित्तल, डॉ.सुधीर गुप्ता, मित्तल हॉस्पिटल से डॉ.कुमुद गुप्ता, लायंस क्लब अलवर मत्स्य से अध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन डॉ.मंजू गुप्ता, लायन अनिल गुप्ता, बंधुआ मुक्ति मोर्चा से राजेश याज्ञिक, रेणु गुप्ता, सरदार अमरदीप सिंह, राजकुमार बक्शी, कार्यक्रम में आर.ई.सी. लिमिटेड गुडगाँव द्वारा हुए एम.ओ.यू. के अंतर्गत 5 मेडिकल मोबाइल यूनिट्स अलवर, राजगढ, रामगढ, खैरथल-तिजारा , बहरोड़-कोटपुतली सभी चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, फार्मासिस्ट, ड्राइवर्स के साथ प्रोग्राम मेनेजर सपना चौधरी, डाटा ऑपरेटर मिठ्ठन, जितेन्द्र सिंह, छोटे लाल, बाबु लाल सैनी सहित कई अन्य संस्थाओ के सदस्य उपस्थित रहे

## केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव 9 एवं 10 मई को विभिन्न कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव 9 एवं 10 मई को संसदीय क्षेत्रा अलवर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। कार्यक्रमानुसार केंद्रीय मंत्री यादव 9 मई को सांय 6 बजे भिवाड़ी स्थित काली खोली धाम मिलकपुर में बाबा मोहनराम मंदिर में, सांय 6:15 बजे भिवाडी में ही रीको चौक रीको न्यू गेस्ट हाउस में एवं रात्रि 9:45 बजे बहादुरपुर रोड रामगढ़ स्थित श्यामेश्वर धाम में श्याम महोत्सव में शिरकत करेंगे। इसी प्रकार 10 मई को प्रातः 8 बजे अलवर में डी-85 हसन खां मेवात नगर में स्नेह मिलन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे एवं प्रातः 11 बजे मिनी सचिवालय अलवर में अधिकारियों की बैठक लेंगे।

## DISBURSED छात्रवृति बैंक खाता में जमा न होने पर त्रुटि सही कराकर जिला कार्यालय में करें प्रस्तुत

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थीयों को उत्तर मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान उनके बैंक खाता में किया जाता है, परन्तु कई विद्यार्थीयों के बैंक खाता में त्रुटि होने के कारण राषि जमा नही हो पाती है। जो कि लौटकर जिला कार्यालय उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अलवर में प्राप्त होती है। अतः सभी अनुसूचित जाति वर्ग एवं अति पिछडा वर्ग के विद्यार्थीयों को सूचित किया जाता है कि यदि छात्रवृति आवेदन का स्टेटस DISBURSED होने के पश्चात यदि राशि आपके बैंक खाता में नही आई है तो आपके जनाधार, मुखिया एवं आपकी बैंक पासबुक में एन्ट्री करवाकर आवेदन के प्रिन्ट सहित 60 दिवस अथवा चालू वर्ष के 10 अप्रैल से पूर्व (जो भी पहले हो) जिला कार्यालय में उपस्थित होवें। यदि विद्यार्थी समय पर त्रुटि सही नही करवाता है तो राशि स्वतः ही राजकोष में जमा हो जावेगी।

## भीषण गर्मी और लू से श्रमिकों के बचाव हेतु श्रम विभाग ने जारी किए दिशा-निर्देश

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** मौसम विभाग भारत सरकार द्वारा जारी हीटवेव (लू) की चेतावनी के मद्देनजर श्रम विभाग राजस्थान सरकार ने औद्योगिक संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। श्रम आयुक्त के निर्देशानुसार आगामी भीषण गर्मी को देखते हुए सभी नियोक्ताओं को श्रमिकों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। उप श्रम आयुक्त प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि मई एवं जून माह में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक लू का प्रभाव सर्वाधिक रहता है। ऐसे में औद्योगिक संस्थानों एवं निर्माण स्थलों पर कार्य समय में आवश्यक बदलाव कर श्रमिकों को सीधे तापघात से बचाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए की सभी औद्योगिक इकाइयों में श्रमिकों के लिए स्वच्छ एवं ठंडे पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही कार्यस्थलों पर प्राथमिक उपचार किट, आवश्यक दवाइयां, नर्स एवं कंपाउंडर की उपलब्धता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से सुनिश्चित करने को कहा गया है। निर्माण स्थलों पर लू-तापघात से बचाव हेतु आइस-पैक उपलब्ध कराना भी आवश्यक किया गया है। इसके अलावा ठेका श्रम अधिनियम 1970 के तहत कैंटीन, विश्राम कक्ष, शौचालय एवं मूत्रालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन संस्थानों में पीस रेट अथवा दिहाड़ी श्रमिक कार्यरत हैं, वहां अत्यधिक गर्मी के कारण कार्य क्षमता प्रभावित होने पर मजदूरी में किसी प्रकार की कटौती नहीं की जाए तथा मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर मनाई खुशी, आतिशबाजी कर बांटी मिठाइयां




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अलवर जिला सिख समाज सरदार कुलवंत सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को एक विशाल सम्मेलन का आयोजन अग्रसेन चौराहे पर किया गया। जिसमें पांच राज्यों के चुनाव में तीन राज्यों के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को सफलता मिली विशेष कर पश्चिम बंगाल में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के नेतृत्व में शानदार विजय हासिल हुई इस उपलक्ष में भावी आतिशबाजी की गई, मिठाई ओर फलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर सरदार हरजीत सिंह (जीता ), मधुर हर्ष भाटिया, सुखपाल सिंह, गुरमीत सिंह, सुखदेव सिंह, राजेंद्र सिंह चटवाल, सुंदर सिंह, गुरमीत सिंह निक्कआ, सतनाम सिंह हरदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

## महिला एवं बाल विकास शासन सचिव पूनम ने वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

**जयपुर(कास.)** महिला एवं बाल विकास शासन सचिव पूनम की अध्यक्षता में निदेशक आईसीडीएस वासुदेव मालावत की उपस्थिति में तथा समस्त उप निदेशकों तथा बाल विकास परियोजना अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थिति में विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की शुक्रवार को सचिवालय से बैठक आयोजित कर समीक्षा की गई। बैठक एजेंडा में उल्लेखित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें पोषण ट्रैकर पर दर्ज सूचनाओ की स्थिति, आँगनबाड़ी केन्द्रों के खुलने की स्थिति, आँगनबाड़ी केन्द्रों पर लाभार्थी रजिस्ट्रेशन की स्थिति आँगनबाड़ी केन्द्रों पर आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता के पोषण ट्रैकर पर दर्ज डेटा का सत्यापन एवं अपेक्षित सुधार आदि पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी प्रकार आँगनबाड़ी केन्द्र भवन प्रकार पेयजल एवं नल कनेक्शन, विद्युत उपलब्धता, शौचालय सुविधा, कार्यशील रसोईघर, वृ?द्धि निगरानी डेटा का सत्यापन एवं सुधार (वृद्धि निगरानी दक्षता, stunting, wasting, underweight) आदि पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में पूरक पोषाहार वितरण 3-6 वर्ष के बच्चों की उपस्थिति, कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों एवं रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही, आँगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के जनाधार एवं आधार का विवरण राजपोषण पर अपडेट करवाने बाबत चर्चा की गई।

## किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तारी के समय उसके अधिकारों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है-पीएलवी महलावत

### विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर की ओर से शुक्रवार को सरकारी अस्पताल ( राजकीय अस्पताल ) बिजली घर के पास अलवर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर अनंत भंडारी के निर्देशानुसार तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर मोहनलाल सोनी के निर्देशन में किया गया। शिविर में पी.एल.वी.रेखा महलावत ने उपस्थित नागरिकों को गिरफ्तारी से संबंधित कानूनी अधिकारों एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तारी के समय उसके अधिकारों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है तथा प्रत्येक व्यक्ति को विधिक सहायता प्राप्त करने का अधिकार है। विद्यार्थियों को गिरफ्तारी से पहले, गिरफ्तारी के दौरान, रिमांड स्टेज पर तथा पुलिस हिरासत में लिए जाने की स्थिति में अपनाई जाने वाली कानूनी प्रक्रिया के बारे में सरल भाषा में समझाया गया। इसके साथ ही यह भी बताया गया कि किसी भी आरोपी को बिना कारण बताए हिरासत में नहीं रखा जा सकता तथा उसे अधिवक्ता से संपर्क करने एवं परिवार को सूचना देने का अधिकार प्राप्त है। कार्यक्रम के दौरान भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों, मानवाधिकारों एवं निःशुल्क विधिक सहायता के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही नालसा एवं डीएलएसए द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता एवं परामर्श सेवाओं की जानकारी भी दी गई। पी.एल.वी. रेखा महलावत ने लोगों को कानून के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया तथा बताया कि किसी भी कानूनी समस्या की स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सहायता प्राप्त की जा सकती है। इस मौके पर सहायता एवं हेल्पलाइन नंबरो के बारे में भी बताया गया। जिसमे ड़ DLSA विधिक सहायता हेल्पलाइन - 15100, चाइल्ड हेल्पलाइन - 1098, महिला हेल्पलाइन - 181/1091, पुलिस आपातकालीन सहायता - 112 नंबर है। अंत में उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं नागरिकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा कानून का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया।

ग्राम रथ अभियान

## जिले की पांच विधानसभा क्षेत्रों के ग्रामीण अंचल में ग्राम रथ करेंगे सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार कृषक, पशुपालकों और ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए जिले की 5 विधानसभा क्षेत्रों के ग्रामीण अंचल में एलईडी मोबाइल वैन के माध्यम से ग्राम रथ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 9 मई को ग्राम रथ ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर 13 विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी प्रदान करेंगे।

### इन ग्राम पंचायतों में पहुंचेंगे प्रचार रथ

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया 9 मई को रामगढ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गढी, धनेटा, नीकच, शोयडा करमाली, मुबारिकपुर, रघुनाथगढ एवं बलरामपुर में, थानागाजी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोवर्धनपुरा, टहला, राजोरगढ, घेवर, नाडु एवं तालाब में, अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भजीट, भूगोर, केसरपुर, पलखडी एवं उमरैण में, राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेरला, ठुमरेला, मौजपुर, शहदका एवं रोनिजाजाट में तथा कठूमर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत तिगरिया, बलदेवपुरा, मथुराहेडा, इंद्रावली, टिटपुरी, सिटाहेडा, कांकरोली एवं ईसरोता में ग्राम रथों के माध्यम से सरकार की योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी दी जाएगी।

## राजस्थान में अंगदान की अलख, एसएमएस अस्पताल में हुआ प्रदेश का 83वां अंगदान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश में अंगदान की जीवनदायी पहल को लगातार प्रोत्साहन मिल हा है। अंगदान के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण सवाई मानसिंह चिकित्सालय में शुक्रवार को प्रदेश का 83वां कैडेवर अंगदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जयपुर के वाटिका ग्राम निवासी 44 वर्षीय ओमप्रकाश सोनी के परिजनों ने ब्रेन डेड घोषित होने के बाद ओमप्रकाश के अंगदान कर तीन लोगों को नया जीवन दिया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि वाटिका निवासी श्री ओमप्रकाश सोनी 3 मई 2026 को मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्रारंभिक उपचार हेतु महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बाद में सवाई मानसिंह अस्पताल रेफर किया गया। चिकित्सकों द्वारा लगातार प्रयास किए गए, लेकिन उनकी स्थिति में सुधार नहीं हो सका और 7 मई 2026 को उन्हें ब्रेन डेड घोषित किया गया। एसएमएस अस्पताल के नोडल अधिकारी, अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम, डॉ. मुकेश भास्कर एवं ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर टीम तथा मोहन फाउण्डेशन के प्रतिनिधियों ने परिजनों को अंगदान के महत्व के बारे में समझाया। इसके बाद श्री ओमप्रकाश सोनी की पत्नी सीमा सोनी एवं उनके भाई महेंद्र सोनी ने संवेदनशील और मानवीय निर्णय लेते हुए श्री ओमप्रकाश की दोनों किडनी एवं लीवर दान करने की सहमति प्रदान की। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त बाबूलाल गोयल ने बताया कि दान की गई दोनों किडनियों को ग्रीन कॉरिडोर की सहायता से दिल्ली स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बाइलियरी साइंसेज भेजा गया, जहां उनका प्रत्यारोपण किया जाएगा। वहीं लीवर का प्रत्यारोपण सवाई मानसिंह चिकित्सालय में किया गया।

प्रदेश में अब तक 83 कैडेवर अंगदान–

## अवैध खनन पर शिकंजा: आरोपी गिरफ्तार, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

### अकबरपुर थाना पुलिस की कार्यवाही बजरी परिवहन करते पकड़ा आरोपी



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिले में अवैध खनन एवं निर्गमन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना अकबरपुर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी (आई.पी.एस.) ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. प्रियंका के निर्देशन में थाना प्रभारी सीमा सिनसिनवार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अकबरपुर क्षेत्र में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया। मौके से पुलिस ने सुभान पुत्र स्व. मलखाँ, निवासी माचडी थाना अकबरपुर (उम्र 65 वर्ष) को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ अवैध खनन का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**बरामदगी:**
एक ट्रैक्टर मय ट्रॉली (बजरी)
कार्रवाई में शामिल टीम:
थानाधिकारी सीमा सिनसिनवार, हेड कांस्टेबल असरफ, कांस्टेबल नवीन एवं कांस्टेबल लखमेन्द्र

पुलिस ने बताया कि अवैध खनन के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा और इस तरह की गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## सहायक आचार्य (चिकित्सा शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024,

**जयपुर** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (चिकित्सा शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 अंतर्गत सुपर स्पेशियलिटी-कार्डियोलॉजी विषय की परीक्षा के तहत पात्रता जांच हेतु विचारित सूची जारी की गई है। इसमें 6 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच के लिए अस्थाई रूप से सम्मिलित किया गया है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि यह सूची चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित करने के क्रम में केवल दस्तावेज सत्यापन के उद्देश्य से है। यह साक्षात्कार हेतु सफल अभ्यर्थियों की सूची नहीं है। साक्षात्कार के लिए अंतिम रूप से सफल अभ्यर्थियों की सूची दस्तावेज सत्यापन के पश्चात उक्त पद हेतु वांछित योग्यता अनुसार पात्र पाए गए अभ्यर्थियों में से जारी की जाएगी। उक्त विचारित सूची में अस्थाई रुप से सम्मिलित किये गये ।

## राजमेस में संविदा भर्ती 2025 के चयनित अभ्यर्थियों के लिए चॉइस फिलिंग प्रक्रिया शुरू

**जयपुर(कास.)** चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी (राजमेस) द्वारा विभिन्न संवर्ग के संविदा पदों पर राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स-2022 के तहत आयोजित भर्ती-2025 में चयनित अभ्यर्थियों के लिए नियुक्ति एवं पदस्थापन प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। विभाग द्वारा जारी सूचना एवं आदेश के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को 'राजहेल्थ पोर्टल' के माध्यम से ऑनलाइन चॉइस फिलिंग कर अपने इच्छित पदस्थापन स्थान के विकल्प प्रस्तुत करने होंगे। राजमेस द्वारा जारी आदेशानुसार संविदा नर्स ग्रेड-2, संविदा लैब टेक्नीशियन, संविदा स्पीच थैरेपिस्ट/ऑडियोलॉजिस्ट तथा संविदा फिजियोथैरेपिस्ट पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के लिए यह प्रक्रिया लागू की गई है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा उपलब्ध करवाई गई चयनित अभ्यर्थियों की सूची के आधार पर नियुक्ति एवं पदस्थापन की आगामी कार्यवाही की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी चयनित अभ्यर्थियों को विभागीय वेबसाइट www.rajhealth.rajasthan.gov.in पर लॉग-इन कर निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार आवश्यक सूचनाओं की पूर्ति करनी होगी। इसके पश्चात अभ्यर्थी अपने इच्छित पदस्थापन स्थान के लिए ऑनलाइन विकल्प प्रस्तुत कर सकेंगे।

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR.**

No. NIT/2026-27/1631-50 निविदा सूचना / 2026-27 Date :07.05.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है

| कार्य का विवरण | कार्य की कुल अनुमानित लागत (रु.) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| Additional works for Sports Ground, open Air Theatre & other External Development works for Construction of New Medical College at Bundi. UBN-RRC2627WSOB00100 | 295.40 Lakh | ई-069/26-27 |
| Various Development / Rehabilitation works in Temple at Sanganer, Jaipur. UBN-RRC2627WSOB00105 | 385.00 Lakh | ई-070/26-27 |
| Construction of Major Bridge & Bypass at Sewla Village. UBN RRC2627WLOB00111 | 2089.39 Lakh | अल्पकालीन ई-073/26-27 |
| Renewal work on Gotan-Bilara-Sojat BOT Road. UBN RRC2627WLOB00113 | 2154.00 Lakh | अल्पकालीन ई-075 /26-27 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईटः http// eproc.rajasthan.gov.in, http//sppp.rajasthan.nic.in तथा http// pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है । इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

महाप्रबंधक

## बाइक पर रखे एसी गैस सिलेंडर में ब्लास्टः युवक उछलकर दूर गिरा, होटल का छज्जा भी हुआ डैमेज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के जैसलमेर सिटी में बाइक पर रखे एसी गैस सिलेंडर में अचानक जोरदार ब्लास्ट हो गया जिसकी वजह से बाइक पर पीछे की सीट पर बैठा युवक दूर उछलकर घायल हो गया और ब्लास्ट से पड़ोस में एक होटल का छज्जा भी डैमेज हो गया घायल युवा को उपचार के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है लेकिन गैस सिलेंडर में ब्लास्ट के आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग भी घबरा गए लोगों ने यह सोच लिया कि कहीं ना कहीं यह आतंकी हमला है लेकिन बाद में जब लोगों को यह पता चला कि बाइक पर रखे एसी गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ है तब उन्हें थोड़ी तसल्ली हुई । जानकारी के अनुसार सोई राम बाइक चला रहा था और चंद्र प्रकाश एसी गैस सिलेंडर को लेकर बाइक के पीछे बैठा हुआ था यह दोनों किसी मैकेनिक के यहां से आ रहे थे रास्ते में सोईं राम किसी काम से बाइक से उतर गया और कहीं चला गया तथा चंद्र प्रकाश बाइक के पीछे एसी गैस सिलेंडर को लेकर बैठा रहा तभी अचानक सिलेंडर में जोरदार धमाका हुआ जिसकी वजह से चंद्रप्रकाश उछलकर दर गिरकर घायल हो गया तथा इस जोरदार धमाके से पड़ोस में स्थित एक होटल का छज्जा डैमेज हो गया धमाके की आवाज काफी दूर-दूर तक लोगों को सुनाई दी इसलिए आसपास के लोगों में भी धमाके को लेकर घबराहट पैदा हो गई बाद में जब लोगों ने यह देखा कि यह ब्लास्ट सिलेंडर में हुआ है तब उन्हें जाकर राहत मिली पुलिस अब इस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है ।

## फलौदी-जैसलमेर रेलखंड को किया गया अपग्रेड, ट्रेनों की रफ्तार बढ़ेगी, यात्रियों का समय बचेगा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में फलौदी-जैसलमेर रेलखंड को अपग्रेड करने का कार्य किया गया है। इस रेलमार्ग में मेल एवं एक्सप्रेस ट्रेनों की अधिकतम गति सीमा को 100 किलोमीटर प्रति घंटा से बढ़ाकर 110 किलोमीटर प्रति घंटा करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। फलौदी से जैसलमेर 156 किलोमीटर रेलमार्ग में ट्रैक, विद्युतीकरण और सिगनल प्रणालियों को अपग्रेड करने का कार्य किया गया है जिससे न केवल गति सीमा में बढोतरी होगी बल्कि संरक्षा भी और अधिक सुदृढ़ होगी। इस कार्य से ट्रेनों के संचालन में गति आएगी तथा यात्रियों के यात्रा समय में कमी होगी। जैसलमेर में पर्यटन और रामदेवरा में धार्मिक यात्रा के उद्देश्य से यात्रस करने वाले यात्रियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। यह पहल उत्तर पश्चिम रेलवे में रेल परिवहन को अधिक आधुनिक और तेज बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

## उत्तर पश्चिम रेलवे के समदडी-लूनी रेलखण्ड पर आरयूबी निर्माण कार्य

### रेलसेवाएं रद्द,रेगुलेट,रीशड्यूल रहेगी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा समदडी-लूनी रेलखण्ड पर दुदिया-दुदाड़ा स्टेषनो के मध्य स्थित समपार फाटक संख्या 231, 236, 239, 227 व 226 पर आरयूबी निर्माण कार्य हेतु ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य हेतु रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 14893, भगत की कोठी-पालनपुर रेलसेवा दिनांक 10.5.26, 17.5.26, 22.5.26, 29.5.26, 07.6.26 व 14.6.26 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 14894, पालनपुर- भगत की कोठी रेलसेवा दिनांक 11.5.26, 18.5.26, 23.5.26, 30.5.26, 8.6.26 व 15.6.26 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 74841, भगत की कोठी-भीलडी रेलसेवा दिनांक 17.5.26 व 29.5.26 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 74842, भीलडी- भगत की कोठी रेलसेवा दिनांक 17.5.26 व 29.5.26 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 20491, जैसलमेर-साबरमती एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 29.5.26 व 14.6.26 को जैसलमेर से प्रस्थान करेगी वह जोधपुर-लूनी के मध्य 30 मिनट तथा दिनांक 17.5.26 को जोधपुर-लूनी के मध्य 45 मिनट रेगुलेट रहेगी। गाडी संख्या 74842, भीलडी-भगत की कोठी रेलसेवा जो दिनांक 10.5.26, 22.5.26 व 14.6.26 को भीलडी से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे की देरी से प्रस्थान करेगी। गाडी संख्या 54814, बाडमेर-जोधपुर रेलसेवा जो दिनांक 10.5.26 व 14.6.26 को बाडमेर से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे की देरी से प्रस्थान करेगी।

## भजनलाल सरकार की योजनाओं से गांव-गांव तक पहुंच रहा विकास : श्रवण सिंह बगड़ी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने गुरुवार को भरतपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पीपला में आयोजित ग्राम विकास रथ यात्रा के अंतर्गत चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में विकास और सुशासन की नई कार्यसंस्कृति स्थापित हुई है। बगड़ी ने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। प्रदेश सरकार किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं गरीब परिवारों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने और विकास कार्यों में सहभागिता निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ग्राम विकास रथ यात्रा के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचा रहे हैं। चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी क्षेत्र की समस्याओं और आवश्यकताओं से संबंधित सुझाव साझा किए जिनके समाधान का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा, जिला महामंत्री जीतेन्द्र सिंह, मण्डल अध्यक्ष जीतू फौजदार, जिला मंत्री लक्ष्मण ठाकुर, मन की बात जिला संयोजक बिट्टू राजावत, भाजपा युवा मोर्चा पूर्व कार्यालय मंत्री राजेश राजावत एवं पूर्व जिला महामंत्री मोहन रारह सहित बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सहायक सब इंस्पेक्टर को 25000 रुपए की रिश्वत लेते एसीबी ने दबोचा, बरामद मोबाइल को लौटाने के लिए मांगी थी

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने शुक्रवार को प्रदेश में टोंक जिले में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए दत्तावास थाने में पोस्टेड सहायक सब इंस्पेक्टर गणेश नारायण को 25000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है गिरफ्तार अभियुक्त ने परिवादी से उसका बरामद किया गया मोबाइल वापस करने की एवरेज में रिश्वत की डिमांड की थी जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में दर्ज करवाई ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद ब्यूरो ने आरोपी सहायक सब इंस्पेक्टर गणेश नारायण को रंगे हाथों गिरफ्तार करने के लिए एक रणनीति तैयार की इसी रणनीति के तहत शुक्रवार को सुबह जैसे ही परिवादी ने आरोपी गणेश नारायण को रिश्वत के 25000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे एसीबी के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ गणेश नारायण को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया ।

# अपग्रेडेड यात्री आरक्षण प्रणाली में अगस्त से रेल गाड़ियों की होगी शिफ्टिंग, अश्विनी वैष्णव ने दिए दिशा निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** रेल भवन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में 40 साल पुरानी आरक्षण प्रणाली में अपग्रेडेड सिस्टम पर गाड़ियों की शिफ्टिंग होते समय यात्रियों को परेशानी न हो इसलिए अधिकारियों को निर्देश दिए । इस बैठक में रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना और रवनीत सिंह बिट्टू भी उपस्थित थे। 1986 में शुरू हुई इस प्रणाली में पिछले 40 साल में कई छोटे बदलाव किए गए । लेकिन अब इसमें आमूलचूल परिवर्तन किया गया है । अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर इसके क्षमता का विस्तार किया गया है ।
रेल आरक्षण प्रणाली ने कई महत्वपूर्ण पड़ाव देखें है ह्व वर्ष 2002 में भारतीय रेलवे ने टिकटिंगमें इंटरनेटका प्रयोग शुरू किया। आज ये प्रणाली इतनी लोकप्रिय है कि देश की ज्यादातर आबादी खिड़की की ओर रुख नहीं करती। देश में आज जितनी भी टिकटिंगकी माँग है उसका बड़ा हिस्सा ऑनलाइन के माध्यम से होता है। भारतीय रेल का मोबाइल ऐप रेलवन यात्रियों के बीच बड़ी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। रेलवन ऐप की शुरुआत पिछले साल जुलाई में हुई थी। एक साल से कम समय में ही देशभर में अब तक 3.5 करोड़ डाउनलोड हो चुके हैं। इस ऐप के लोकप्रिय होने के कई कारणों में से सबसे बड़ा कारण यह है कि यह ऐप देश के आम आदमी को रेल संबंधी सभी जानकारियाँ तो देता ही है, टिकटिंग तथा अन्य सेवाओं से जुड़ी उनकी शिकायतों का भी निपटारा करता है। आज जब आप अपनी टिकट बनाते हैं, तो रेलवन ऐप आपको यह बताता है कि आपकी वेटिंग में दिख रही टिकट कन्फर्म होगी या नहीं। टिकट के कन्फर्म होने की सटीक संभावना भी अब आपको एआई के माध्यम से रेलवन ऐप बताने लगा है। यह नई सुविधा इस साल की शुरुआत से ही लागू की गई है, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। रेलवन ऐप पर वेटिंग टिकट के कन्फर्म होने के अनुमान की सटीकता पहले के 53 प्रतिशत से बढ़कर अब 94 प्रतिशत तक पहुँच गई है। रेलवन ऐप में इस तरह की कई एकीकृत एवं आधुनिक सुविधाएँ हैं, जो रेल संबंधी अन्य सभी सेवाओं को भी अपने में समाहित किए हुए हैं। जैसे - आरक्षित, अनारक्षित तथा प्लेटफॉर्म आदि विभिन्न प्रकार के टिकटों की बुकिंग, रद्दीकरण तथा रिफंड। इस के साथ साथ आपके हमारे मौजूदा टिकट की वेटिंग स्टेटस की ताजा स्थिति, ट्रेन के आने जाने का समय, ट्रेन की मौजूदा स्थिति, ट्रेन के आने-जाने का प्लेटफॉर्म, आप के कोच की पोजीशन, रेल मदद जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ रेलवन ऐप पे हैं। अपनी यात्रा के दौरान आप अपना फूड भी रेलवन एप पर ऑर्डरकर सकते हैं। एप आपको ये विकल्प देता है कि आप की सीट तक आपका मनपसंद खाना पहुंच सके। आरामदायक व सेवापरक सुविधाओं से लैस यह रेलवन एप तेजी से लोकप्रिय हो रहा है । इसके साथ-साथ आपके मौजूदा टिकट की वेटिंग स्थिति की ताज़ा जानकारी, ट्रेन के आने-जाने का समय, ट्रेन की वर्तमान स्थिति, ट्रेन के आने-जाने का प्लेटफॉर्म, आपके कोच की स्थिति जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी रेलवन ऐप पर उपलब्ध हैं। अपनी यात्रा के दौरान आप रेलवन ऐप पर भोजन भी ऑर्डर कर सकते हैं। यह ऐप आपको यह सुविधा देता है कि आपकी सीट तक आपका मनपसंद खाना पहुँच सके। आरामदायक एवं सेवापरक सुविधाओं से लैस यह रेलवन ऐप तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। रोज़ाना इस एप के माध्यम से देश भर में 9.29 लाख टिकिटे बुकहो रही हैं। इसमें 7.2 लाख टिकटें अनारक्षित तथा अन्य 2.09 लाख आरक्षित टिकटें हैं। अनारक्षित टिकटों में प्लेटफॉर्म टिकट भी शामिल है। एंड्राइड तथा ह्वह्रस् पर रेलवन एप को लोग काफी पसंद कर रहे है। जहाँ 3 करोड़ 16 लाख लोगो ने इसे गूगल प्लेस्टोर से अब तक डाउनलोड किया है, वहीं 33.17 लाख लोगो ने इसे ऐपल फोन में डाउनलोड किया है। भारतीय रेल ने 2024-25 में यात्रियों के टिकटों पर 60,239 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी। यह रेलवे पर यात्रा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को औसतन 43 प्रतिशत की छूट के बराबर है। दूसरे शब्दों में यदि सेवा प्रदान करने की लागत 100 रुपये है, तो टिकट की कीमत केवल 57 रुपये है।

## सैर सपाटे और फोटो ऑपरच्युनिटी के बजाय आदिवासी बच्चों की मौत पर जवाबदेही तय करें सीएमः टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर मानवीय संवेदनाओं की उपेक्षा करने वाली कार्यप्रणाली पर गहरा कटाक्ष करते हुए कहा है कि राजस्थान आज एक संवेदनशील शासन की भारी कमी महसूस कर रहा है।
उन्होंने कहा कि मामला केवल नीति या नियमों का नहीं है, बल्कि उस मानवीय दृष्टिकोण का है जो इस सरकार में पूरी तरह लुप्त हो चुका है। प्रदेशवासी भाजपा सरकार के व्यवहार में आम जन की परेशानियों और प्रदेश के हालातों के प्रति बेरुखी महसूस कर रहे हैं जो लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि यह मामला सिर्फ कानून-व्यवस्था की विफलता या अस्पताल में लापरवाही या दलित इंजीनियर की पिटाई अथवा दलित नाबालिग पर हुई पुलिस बर्बरता का ही नहीं है बल्कि इस सरकार के उस निर्दयी और संवेदनहीन चरित्र का है, जो जनता की चीखें सुनने के बजाय केवल सत्ता के जश्न में डूबी रहती है। राजस्थान आज एक ऐसे नेतृत्व के साये में है जहाँ जनता की जान की कोई कीमत नहीं बची है।
जूली ने मुख्यमंत्री के प्रतापगढ़ दौरे को लेकर तीखे सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में 15-16 मासूम बच्चों की अज्ञात बीमारी और चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में अकाल मृत्यु हो गई, मुख्यमंत्री वहां जाकर भी उन शोक संतप्त परिवारों की सुध नहीं लेते। जूली ने पूछा, मुख्यमंत्री जी, क्या आप उन जिम्मेदार सरकारी लोगों की जवाबदेही तय करेंगे जिनकी लापरवाही से इन परिवारों ने अपने नौनिहालों को खो दिया? यदि आप उनके आंसू नहीं पोंछ सकते तो आपका यह दौरा महज एक सैर-सपाटा और फोटो अपॉर्चुनिटी' बनकर रह गया है। प्रदेश में बढ़ती प्रशासनिक उदासीनता का जिक्र करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कोटा में प्रसूताओं के इलाज में लापरवाही और एक महिला की मृत्यु पर सरकार के उच्च स्तर पर कोई हलचल न होना सरकार की निर्जीव कार्यप्रणाली को दर्शाता है। वहीं श्रीगंगानगर में एक दलित इंजीनियर की पिटाई के मामले में एफआईआर दर्ज होने में एक हफ्ता लग जाना यह बताता है कि सरकार जड़वत हो चुकी है। किसी भी घटना पर सरकार का रिस्पॉन्स ही यह तय करता है कि वह शासन करने की क्षमता रखती है या नहीं लेकिन यहाँ तो तंत्र पूरी तरह संवेदनशून्य हो चुका है। जूली ने कहा कि संवेदनहीनता का यह रवैया इस सरकार की पहचान बनता जा रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि जब झालावाड़ में स्कूल की छत गिरने से मासूम बच्चों की जान गई तब भी मुख्यमंत्री जी वहां जाने की जहमत नहीं उठाई। उन्होंने कहा कि घटनाएं और दुर्घटनाएं दुखद होती हैं लेकिन एक जिम्मेदार मुखिया का दायित्व होता है कि वह पीड़ित के साथ खड़ा हो। दुर्भाग्य से राजस्थान में आज ऐसी सरकार है जिसे जनता के दर्द से ज्यादा अपनी छवि की चिंता है।

## महिलाओं को समृद्ध बनाने की दिशा में आरसीडीएफ का एक और नवाचार, लखपति दीदी केंटीनों पर मिलेंगे सरस ब्राण्ड के सभी उत्पाद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राजीविका और आरसीडीएफ (सरस) मिलकर एक नया बिजनिस मॉडल तैयार करेंगे ताकि महिलाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से नारी शक्ति वंदन की यह अनूठी पहल ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं को डेयरी सहकारिता में स्वरोजगार के नये अवसर प्रदान करेगी। मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास की हुई बैठक में इस मॉडल पर विस्तृत चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि राजीविका द्वारा संचालित 273 लखपति दीदी केंटीनों पर सरस का दूध और दूध से बने सभी उत्पाद उपलब्ध कराये जायेंगे। इसके अलावा पहले चरण में राज्य की सभी जिला कलेक्ट्रेट में सरस केंटीन संचालित की जायेगी। सरस डेयरी बूथ के आवंटन में राजीविका के सैल्फ हैल्प ग्रुप महिलाओं को प्राथमिकता दी जावेगी और इनका संचालन सरस राजीविका दीदी द्वारा किया जावेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में महिला डेयरी उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरस बूथ और सरस मिनीमार्ट स्थापित करने के लिये भी सैल्फ हैल्प ग्रुप महिलाओं को भी प्राथमिकता दी जावेगी। उन्होंने बताया कि आरसीडीएफ द्वारा प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों और पर्यटन स्थलों पर विकसित किये जाने वाले सरस पार्लर के आवंटन में भी राजीविका से जुड़ी महिलाओं को भी प्राथमिकता दी जावेगी। राजीविका सखियों को ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध व्यवसाय से भी जोड़ा जावेगा और उन्हें दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों का सदस्य भी बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के अन्तर्गत दुग्ध उत्पादकों को पांच रुपये प्रति लीटर की दर से मिलने वाले अनुदान का लाभ दुग्ध उत्पादक सदस्य बनने पर राजीविका सखियों को भी मिलेगा। आरसीडीएफ और उससे सम्बद्ध जिला दुग्ध संघों द्वारा राजीविका से जुड़ी महिलाओं को महिला डेयरी दुग्ध उत्पादक समिति और सरस बूथपार्लर स्थापित करने के लिये कौशल विकास प्रशिक्षण भी दिया जायेगा।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बीकानेर, बाड़मेर और जैसलमेर क्षेत्रों में कैमल मिल्क पाउडर और उसकी मार्केटिंग के लिये कार्ययोजना बनाई गई है जिसके अन्तर्गत राजीविका के नेटवर्क के माध्यम से सरस उत्पादों की मार्केटिंग को ग्रामीण स्तर पर पहुँचाया जायेगा।

## सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 दोबारा से होगी, फॉर्म अपडेट करने की प्रक्रिया शुरू

### वर्ष 2021 में 13 से 15 सितंबर को आयोजित हुई दोनों परीक्षाओं में बैठने वाले अभ्यर्थी ही यह परीक्षा दोबारा से दे सकेंगे, नए अभ्यर्थियों को नहीं मिलेगा मौका

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** हाई कोर्ट की डबल बेंच की ओर से 4 फरवरी को सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 को रद्द कर देने के बाद राजस्थान लोकसभा आयोग की ओर से अब यह परीक्षा दोबारा से आगामी सितंबर माह में करवाए जाने की जानकारी मिली है, दोबारा से ली जाने वाली इस परीक्षा में वर्ष 2021 में 13 से 15 सितंबर के बीच आयोजित हुई दोनों परीक्षाओं में बैठने वाले अभ्यर्थियों को ही इस परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जा रही है अगर पहले की भर्ती में किसी अभ्यर्थी ने इस परीक्षा के लिए फॉर्म भरा और उसने परीक्षा नहीं दी या फिर उसने एक ही परीक्षा दी उसे भी इस परीक्षा में दोबारा मौका नहीं दिया जा रहा है पूर्व में इस परीक्षा में 383097 परीक्षार्थी बैठे थे इन्हीं परीक्षार्थियों को दोबारा से परीक्षा में बैठने का अवसर दिया जा रहा है किसी नए आवेदक को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जा रही राजस्थान लोक सेवा आयोग से मिली जानकारी के अनुसार इस परीक्षा में दोबारा से शामिल होने के लिए परीक्षार्थियों को अपना आवेदन फॉर्म अपडेट करना होगा इसके अलावा और भी जो कोई त्रुटियां हैं उन्हें दूर करने का मौका दिया गया है आगामी 16 से 30 मई तक परीक्षार्थियों को आवेदन फॉर्म अपडेट करने की सुविधा सुनिश्चित की गई है उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट के सिंगल बेंच ने 28 अगस्त 2025 को सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 को रद्द कर दिया था हाई कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका प्रस्तुत की गई थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने याचिका प्रस्तुत करने वाले लोगों को वापस हाई कोर्ट में ही अपील करने के निर्देश दिए थे बाद में हाई कोर्ट की डबल बेंच ने 4 अप्रैल 2026 को हाई कोर्ट के सिंगल बेंच के निर्णय को बरकरार रखा इसके बाद अब राजस्थान लोक सेवा आयोग इस परीक्षा को दोबारा से जल्दी से जल्दी करवाने की प्रक्रिया में व्यस्त हो गया है इसके लिए आगामी सितंबर माह में परीक्षा आयोजित किए जाने की तैयारी भी चल रही है तथा आवेदकों को फॉर्म अपडेट करने की अंतिम तिथि भी बता दी गई है उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा में व्यापक स्तर पर गड़बड़ी हुई थी जिसकी जांच में कई बड़े-बड़े प्रभावशाली लोगों की गिरफ्तारी भी हुई बड़ी संख्या में जो अभ्यर्थी सब इंस्पेक्टर के लिए चुन लिए गए थे उनकी भी गिरफ्तारियां हुई थी यह मामला राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे देश में कई महीनो तक सुर्खियों में बना रहा और न्यायालय में भी इस मामले की सुनवाई की प्रक्रिया लंबे समय तक चली आखिरकार 4 अप्रैल 2026 को हाई कोर्ट की डबल बेंच ने पूरी तरह से इस परीक्षा को रद्द करने का फैसला सुनाया इसके बाद प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने भी हाईकोर्ट के इस निर्णय का स्वागत किया हालांकि कई ऐसे भी कैंडिडेट थे जो इमानदारी से चुन लिए गए थे लेकिन हाई कोर्ट की ओर से परीक्षा को रद्द कर देने की वजह से उन्हें दोबारा से इस परीक्षा में बैठना पड़ेगा इसके लिए आयु सीमा में भी छूट दी गई ।

## रफीक खान ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से मुलाकात की, नई वोटर लिस्ट से नगर निकाय चुनाव करवाने की मांग

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के सचेतक सचेतक और जयपुर की आदर्श नगर विधानसभा सीट से विधायक रफीक खान ने शुक्रवार को जयपुर में प्रदेश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह से मुलाकात की और अपनी मांगों का ज्ञापन भी सोपे ज्ञापन में कांग्रेस नेता ने जयपुर नगर निगम और प्रदेश के नगर निकाय चुनाव नई वोटर लिस्ट 2026 से करवाने की डिमांड की उन्होंने कहा कि जब नई वोटर लिस्ट बनाकर तैयार है तो फिर पुरानी वोटर लिस्ट से चुनाव करवाने की आखिर मनसा क्या है? उन्होंने कहा कि नई वोटर लिस्ट से ही चुनाव प्रक्रिया ठीक तरह से सार्थक साबित होगी इसलिए नगर निकाय चुनाव में नई वोटर लिस्ट का उपयोग किया जाए उल्लेखनीय है कि रफीक खान दूसरी बार लगातार आदर्श नगर विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़े और चुनाव जीते उन्होंने वर्ष 2018 के चुनाव में तत्कालीन उम्मीदवार अशोक परनामी को हराया था और 2023 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने दोबारा से जीत हासिल की आदर्श नगर विधानसभा सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या भी काफी ज्यादा है लेकिन यहां अकेले मुस्लिम मतदाताओं के आधार पर ही किसी भी कैंडिडेट का चुनाव जीतना मुश्किल है इसलिए रफीक खान को हिंदू मतदाताओं का समर्थन भी काफी अच्छा मिला था इसीलिए लगातार दो बार भी यहां से चुनाव जीते हैं उनके इस परफॉर्मेंस को देखते हुए ही कांग्रेस पार्टी के दिल्ली दरबार में उन्हें राजस्थान विधानसभा में कांग्रेस पार्टी का सचेतक नियुक्त किया है राजस्थान विधानसभा के अब तक के विभिन्न सत्र में अपनी सचेतक की भूमिका भी काफी शानदार तरीके से रफीक खान ने निभाई है अब उन्होंने जयपुर नगर निगम और प्रदेश में सभी नगर निकायों में नई वोटर लिस्ट के आधार पर ही चुनाव करवाने की पुरजोर डिमांड की है इसी क्रम में उन्होंने शुक्रवार को प्रदेश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त से मुलाकात की और उन्हें प्रभावी तरीके से यह बताया की नई वोटर लिस्ट से चुनाव करवाना क्यों सार्थक है ?

# हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड में करोड़ों का घोटालाः पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासराने जांच करवाने की मांग की

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ने शुक्रवार को जयपुर में संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पर जोरदार हमला बोला और कहा कि हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड अध्यक्ष पद पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के नियुक्त रहने के दौरान करोड़ों का गबन और घोटाला हुआ है इसकी सरकार उच्च स्तरीय जांच करवाएं डोटासरा ने जोर देकर कहा कि मदन दिलावर के हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के अध्यक्ष पद पर रहने के दौरान गबन, घोटाला और नियुक्तियों में जो गड़बड़ियां हुई है यह गंभीर मामला है इसलिए इस मामले की पारदर्शक तरीके से जांच होना बहुत जरूरी है उन्होंने कहा कि यह गंभीर आरोप वह खुद नहीं लग रहे बल्कि हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड से जुड़े लोग ही लगा रहे हैं उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के कैंप में मदन दिलावर पीए खुद जाया करते थे, कैंप में फर्जी हस्ताक्षरों से बैंक खातों में भारी मात्रा में पैसा ट्रांसफर करवाने की शिकायत भी सरकार से की गई है भर्ती प्रक्रिया में भी गड़बड़ियों की शिकायत सरकार को की गई है इस तरह से स्काउट एंड गाइड में करोड़ों रुपए का षडयंत्र पूर्वक गबन किया गया है जो काफी गंभीर मामला है उधर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के इन आरोपों का जवाब देते हुए प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि यह सारे एलिगेशन सत्य और निराधार हैं इनका कोई मतलब नहीं है क्योंकि हमारी सरकार के कार्यकाल में कोई भर्ती ही नहीं हुई तो फिर गड़बड़ी कहां से हो गई उन्होंने कहा कि डोटासरा का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है और अशोक गहलोत जी को चाहिए कि उनका इलाज करवाए, उल्लेखनीय है कि मदन दिलावर और गोविंद सिंह डोटासरा के बीच आपस में आरोप प्रत्यारोप की यह लड़ाई अब से नहीं बल्कि पिछले 2 साल से लगातार जारी है दोनों एक दूसरे के खिलाफ लगातार बयान बाजी करके प्रदेश की राजनीति को हमेशा चर्चा में रखते हैं राजस्थान विधानसभा में भी इन दोनों नेताओं के बीच आपस में कई बार कई मुद्दों को लेकर आपस में जोरदार तरीके से आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए देखा गया दोनों ही नेताओं की आपस की बयान बाजी कई बार राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से अलग व्यक्तिगत होती हुई भी नजर आई अब जिस तरह से शुक्रवार को गोविंद सिंह डोटासरा ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके हिंदुस्तान स्काउट और गाइड में करोड़ों रुपए का गबन और घोटाला होने का जो आरोप लगाया है उसके बाद अब ऐसा दिख रहा है कि इन दोनों नेताओं की राजनीतिक लड़ाई आने वाले दिनों में और भी उग्र हो सकती है ।

## सम्पादकीय

### नतीजों के बाद क्यों जल उठता है बंगाल? चुनाव खत्म होते ही फिर सड़कों पर लौट आई हिंसा



पश्चिम बंगाल में चुनावों के दौरान और उसके बाद हिंसक घटनाओं का एक लंबा इतिहास रहा है। विडंबना यह है कि इस तरह की घटनाओं की निंदा तो सभी दल करते हैं, लेकिन उसे रोकने के लिए कुछ भी ऐसा नहीं किया जाता, ताकि हिंसा के हालात बनें ही नहीं। गौरतलब है कि राज्य में इस बार विधानसभा के लिए हुए चुनावों के दौरान कोई बड़ी हिंसक घटना सामने नहीं आई, लेकिन नतीजे आने के बाद जैसी खबरें आ रही हैं, उससे साफ है कि हिंसा का सहारा लेने वाले असामाजिक तत्त्वों को रोकने के मद्देनजर एहतियातन कुछ भी नहीं किया गया। नतीजतन, बुधवार को राज्य में भाजपा के कद्दावर नेता शुभेंदु अधिकारी के सहायक सहित पांच लोगों की हत्या की खबर आई। इसके अलावा, कई लोग घायल भी हुए। पहले से ही वहां इस बात की आशंका लगातार बनी हुई थी कि चुनाव प्रचार के दौरान आक्रामक खींचतान का असर नतीजों के बाद टकराव के तौर पर सामने आ सकता है। मगर ऐसी स्थितियों से निपटने में प्रशासनिक विफलता का ही यह नतीजा है कि राज्य में कई जगहों पर हिंसा और अराजकता के हालात पैदा हुए। सवाल है कि आखिर किन वजहों से राज्य प्रशासन इस बात का आकलन करने में नाकाम रहा कि चुनावी नतीजों के बाद मुख्य राजनीतिक पक्षों के बीच का तनाव हिंसा में भी फूट सकता है। चुनाव के दौरान बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की वजह से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संभव हो सका, तो क्या ऐसा बाद में भी नहीं हो सकता था? राज्य के चुनावों में एक समय ऐसे तनाव और टकराव के पक्ष अलग थे, लेकिन वहां की सियासी तस्वीर में समय के साथ हुए बदलाव के बाद अब वहां के दो प्रतिद्वंद्वी दल मुख्य रूप से तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी हैं। करीब पंद्रह वर्ष बाद वहां तृणमूल कांग्रेस के सत्ता से बाहर होने के बाद राज्य में कई जगहों पर सुरक्षा बलों की उपस्थिति के बावजूद हिंसक झड़प और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आईं। प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों के कार्यालयों में तोड़फोड़, आगजनी और उनके समर्थकों तथा कार्यकर्ताओं के घरों तक पर हमले की खबरें यह बताती हैं कि राजनीतिक दलों के बीच अपने विरोधियों के प्रति लोकतांत्रिक उदारता दिखाने की औपचारिकता भी खत्म होती जा रही है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हिंसक घटनाओं के दो सौ से ज्यादा प्राथमिकी दर्ज की गईं और करीब साढ़े चार सौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। मगर जो काम पुलिस और प्रशासन ने स्थिति बेलगाम हो जाने के बाद किया, अगर पहले ऐसे कदम उठाए जाते, तो शायद कई जगहों पर हिंसा को रोका जा सकता था। यह समझना मुश्किल है कि जो लोग नाहक या फिर प्रतिक्रिया के तौर पर हिंसक गतिविधियों का सहारा लेते हैं, वे आखिर क्या हासिल करना चाहते हैं। फिर आक्रामकता और अराजकता का सहारा लेकर ऐसे लोग क्या साबित करना चाहते हैं? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि लोकतांत्रिक परंपराओं में विश्वास रखने वाला कोई भी व्यक्ति चुनावी नतीजों का विश्लेषण करता है और परिपक्व तरीके से उस पर सभ्य प्रतिक्रिया देता है।

## आतंक के खिलाफ निर्णायक प्रहार



रूस-यूक्रेन युद्ध के खत्म होने के कोई संकेत नहीं दिखने और पश्चिम एशिया के 'न युद्ध-न शांति' के दलदल में फंसे होने के बावजूद हाल के समय के दूसरे संघर्षों के मुकाबले आपरेशन सिंदूर को एक मानक अभियान के तौर पर देखना महत्वपूर्ण है। इस आपरेशन की सबसे खास बात थी- सैन्य ताकत का तीव्र और नियंत्रित तरीके से निर्णायक इस्तेमाल, ताकि संघर्ष-विस्तार में रहते हुए ऐसे रणनीतिक नतीजे हासिल किए जा सकें, जो सरकार के राजनीतिक लक्ष्यों के अनुरूप हों। इसका उद्देश्य था, पाकिस्तान के भारत-विरोधी आतंकी नेटवर्क के गढ़ पर सीधा हमला करना और अगर पाकिस्तानी सेना जवाब देती है, तो उसे भारी नुकसान पहुंचाना। यह एक जिम्मेदार ताकत द्वारा राज्य-प्रायोजित आतंकवाद के बार-बार दोहराए जाने वाले कृत्यों को सजा देने के लिए चलाया गया एक सटीक और संयमित प्रतिरोधी अभियान था।

हालांकि भारत ने 2019 में बालाकोट में आतंकरोधी अभियान में आक्रामक हवाई शक्ति के इस्तेमाल का प्रयोग किया था, पर इस बार जैश और लश्कर के मुख्यालयों पर हमले की तत्परता ने राष्ट्रीय हितों की पूर्ति के लिए जोखिम उठाने की नई प्रवृत्ति और संघर्ष बढ़ाने की इच्छाशक्ति को उजागर किया। इसमें यह सोच स्पष्ट थी कि एक व्यापक संघर्ष भारत के हित में नहीं है, भले ही पाकिस्तान को और अधिक नुकसान पहुंचाने का सैन्य प्रलोभन मौजूद हो। भारत ने आपरेशन सिंदूर के दौरान कोई अतिरिक्त नुकसान नहीं होने दिया और सैन्य श्रेष्ठता के बावजूद पाकिस्तान के युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। चार दिनों के भीतर ही संघर्ष समाप्त करने से जो सैकड़ों करोड़ रुपये की बचत हुई, उसने पश्चिम एशिया में चल रहे मौजूदा संघर्ष के दौरान भारत की आर्थिक सहनीयता में योगदान दिया। पश्चिम एशिया संघर्ष में अमेरिका के 27 अरब डालर से भी ज्यादा खप चुके हैं और तनाव अभी भी कायम है। आपरेशन सिंदूर की तैयारी के चरण में केंद्रीकृत नियंत्रण का एक स्पष्ट माडल देखने को मिला। इसके पहले स्तर पर प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और रक्षामंत्री थे, जबकि दूसरे पर सीडीएस और तीनों सैन्यप्रमुख। सेना प्रमुखों और खुफिया एजेंसियों को स्पष्ट और ठोस रणनीतिक परिणाम बताए गए थे। इससे उन्हें व्यावहारिक कार्ययोजना बनाने में मदद मिली।

भले ही हजारों सालों में युद्ध के स्वरूप में कई बदलाव आए हों, लेकिन कौटिल्य, सुन जू, क्लाजविट्ज, लिडेल हार्ट जैसे रणनीतिकारों द्वारा बताए गए युद्ध के अधिकांश मूल सिद्धांत समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। आपरेशन सिंदूर की सफलता ने प्रतिरोध करने की सीमाओं का विस्तार किया। भारत ऐसा इसलिए कर पाया, क्योंकि इसने समय की कसौटी पर खरे उतरे युद्ध के कुछ सिद्धांतों और संकट के समय फैसले लेने के तरीकों का पालन किया। वायु सेना के इस्तेमाल का फैसला एक साहसी कदम था, जो आज के संघर्षों के बदलते स्वरूप को दिखाता है और जिस पर बारीकी से विश्लेषण करने की जरूरत है। चीन से मिली पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणालियों को चकमा देने और उन्हें जाम करने के बाद भारत ने पाकिस्तान के अंदरूनी इलाकों में घुसकर हमला किया। इस हमले में पाकिस्तान और गुलाम जम्मू-कश्मीर में मौजूद लश्कर, जैश और हिजबुल मुजाहिदीन के 9 आतंकी ठिकाने तबाह हो गए। कुछ ही घंटों के भीतर भारत ने अपने हमले का दायरा और बढ़ाया तथा नूर खान, सियालकोट, सरगोधा, स्कार्दू, भोलारी, जैकोबाबाद एयरबेस जैसे 11 प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया। इस कार्रवाई से पाकिस्तान की सामरिक क्षमताओं को गंभीर नुकसान पहुंचा। हवाई हमलों की तीव्रता से यह साफ हुआ कि पाकिस्तान को पहुंची क्षति 1971 के युद्ध में पश्चिमी मोर्चे पर वायुसेना द्वारा पाकिस्तानी वायु सेना के हवाई अड्डों को पहुंचाए गए कुल नुकसान से कहीं ज्यादा था। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की एकीकृत हवाई रक्षा प्रणाली की परिपक्वता को भी साबित कर दिया, जो दुश्मन की मिसाइल और ड्रोन-केंद्रित रणनीति का मुकाबला करने में सक्षम है। हालांकि वायुसेना को भविष्य में अधिक शक्तिशाली दुश्मनों के खिलाफ किसी भी सीमित संघर्ष की स्थिति में अपने प्लेटफार्म, हथियारों और प्रणालियों का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करने के लिए तेज गति से सीखने की आवश्यकता होगी। भविष्य के युद्ध-क्षेत्रों में लंबे समय तक चलने वाले संघर्षों से मुकाबले के लिए एकीकरण और तालमेल की जरूरत होगी। वर्तमान में चल रहे सुधारों और ढांचागत पहलों पर शायद फिर से विचार करना पड़े, ताकि एक ऐसा संगठनात्मक ढांचा तैयार किया जा सके, जो आपरेशन सिंदूर के दौरान सीखे गए अनुभवों पर आधारित हो।

*हालांकि भारत ने 2019 में बालाकोट में आतंकरोधी अभियान में आक्रामक हवाई शक्ति के इस्तेमाल का प्रयोग किया था, पर इस बार जैश और लश्कर के मुख्यालयों पर हमले की तत्परता ने राष्ट्रीय हितों की पूर्ति के लिए जोखिम उठाने की नई प्रवृत्ति और संघर्ष बढ़ाने की इच्छाशक्ति को उजागर किया। इसमें यह सोच स्पष्ट थी कि एक व्यापक संघर्ष भारत के हित में नहीं है, भले ही पाकिस्तान को और अधिक नुकसान पहुंचाने का सैन्य प्रलोभन मौजूद हो। भारत ने आपरेशन सिंदूर के दौरान कोई अतिरिक्त नुकसान नहीं होने दिया और सैन्य श्रेष्ठता के बावजूद पाकिस्तान के युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। चार दिनों के भीतर ही संघर्ष समाप्त करने से जो सैकड़ों करोड़ रुपये की बचत हुई, उसने पश्चिम एशिया में चल रहे मौजूदा संघर्ष के दौरान भारत की आर्थिक सहनीयता में योगदान दिया। पश्चिम एशिया संघर्ष में अमेरिका के 27 अरब डालर से भी ज्यादा खप चुके हैं और तनाव अभी भी कायम है। आपरेशन सिंदूर की तैयारी के चरण में केंद्रीकृत नियंत्रण का एक स्पष्ट माडल देखने को मिला। इसके पहले स्तर पर प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और रक्षामंत्री थे, जबकि दूसरे पर सीडीएस और तीनों सैन्यप्रमुख। सेना प्रमुखों और खुफिया एजेंसियों को स्पष्ट और ठोस रणनीतिक परिणाम बताए गए थे। इससे उन्हें व्यावहारिक कार्ययोजना बनाने में मदद मिली।*

## बंगाल के खोए गौरव को बहाल करने की चुनौती



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की विजय लंबे समय तक याद रखी जाएगी। इसे याद रखने के कई कारण हैं। जिस भाजपा को एक समय राज्य में सत्ता की होड़ से बिल्कुल बाहर समझा जाता था, उसने न केवल ऐतिहासिक जीत दर्ज की है, बल्कि उस तृणमूल कांग्रेस को ऐसी करारी हार का सामना भी करना पड़ा, जो स्वयं को अपराजेय समझने लगी थी। हार को गरिमा के साथ स्वीकार करने के बजाय ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर और केंद्रीय सुरक्षा बलों की व्यापक तैनाती जैसे निर्वाचन आयोग के असाधारण कदमों का हवाला देकर भाजपा की जीत को अवैध ठहराने पर तुले हैं, लेकिन उनके इस रुख-रवैये को जनता के किसी कोने से न तो कोई समर्थन मिलता दिख रहा है और न ही उनके प्रति कोई सहानुभूति दिखती है।

दूसरी ओर भाजपा की बात करें तो उसकी जीत के इस पैमाने की कल्पना भी कठिन है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जनता के असंतोष को पहले ही भांप लिया था और वह इस आक्रोश को व्यवस्थित तरीके से अपने पक्ष में भुनाने के लिए जुट गया। ममता बनर्जी की नाक के नीचे ही वर्षों से इसकी तैयारी चल रही थी और वे उसे अनदेखा करती रहीं। उनका कोई सहयोगी भी उन्हें यह समझा नहीं पाया। इसका ही परिणाम रहा कि भाजपा के विजयी रथ ने तृणमूल कांग्रेस के किले को कुचल दिया। इसके पीछे भाजपा के पक्ष में हिंदुओं के ध्रुवीकरण को एक वजह बताया जा रहा है, जिसके समक्ष ममता बनर्जी की मुस्लिम गोलबंदी बौनी साबित हुई। यह व्याख्या सतही तौर पर ही सही है, क्योंकि इसमें वे महत्वपूर्ण पहलू अनदेखे ही रह जाएंगे, जो बंगाल के राजनीतिक पटल पर तूफान की थाह लेने के लिए आवश्यक है। भाजपा के इस तूफान ने उन घेराबंदियों को ध्वस्त करने का काम किया, जिनकी व्यूह रचना उस पर बाहरी पार्टी का ठप्पा लगाते हुए उसे सुनियोजित तरीके से हमेशा के लिए राज्य की सत्ता से दूर रखने के लिए ही रची गई थी। कुछ लोग यह दलील भी दे सकते हैं कि देश में भ्रष्टाचार अब चुनावी मुद्दा नहीं रहा और आपराधिक तत्वों का विरोध भी केवल सड़कों पर भीड़ को लामबंद करने तक ही सीमित होकर रह गया है। हालांकि बंगाल के नतीजे ऐसी धारणाओं को धता बताते हैं। बंगाल की जनता ने भ्रष्टाचार के पर्याय बन चुके तृणमूल शासन के विरुद्ध अपने मतदान से आक्रोश प्रकट किया। लोगों के जेहन में ममता के बेहद करीबी मंत्री के यहां से जब्त हुई भारी नकदी की तस्वीरें ताजा रही हैं। उन हजारों शिक्षकों के साथ ही असंख्य बंगाली मध्यवर्ग की पीड़ा भी चुनाव परिणाम में अभिव्यक्त हुई, जो तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार से छले गए थे, क्योंकि सरकार के कर्ताधर्ताओं ने रिश्वत लेकर उनके अवसरों पर डाका डालने का काम किया। इसी तरह असंवेदनशील या कहें उदासीन प्रशासन और राजनीतिक नेतृत्व की मिलीभगत वाले आपराधिक रवैये को भी मतदाताओं ने सबक सिखाकर दंडित किया है। 'बंगाल में महिलाएं सबसे सुरक्षित हैं' जैसे दावों का तब कोई मूल्य-महत्व नहीं रह जाता, जब वास्तविकता इसके सर्वथा विपरीत दिखती हो। बंगाल इस मामले में कुख्यात होता गया कि अव्वल तो यहां पुलिस पीड़ित की शिकायत ही दर्ज नहीं करती और यदि किसी तरह वह दर्ज भी हो जाए तो यहां दोष सिद्धि एवं अपराध के लिए दंडित करने की दर सबसे कम है। जहां दूसरे राज्यों में बाल विवाह का चलन घटा है, वहीं बंगाल में यह बढ़ने पर है। इसी राज्य में महिलाओं को सरेआम कोड़े मारे जाते रहे और राजनीतिक नेतृत्व उस पर मौन साधे रहा और यह चुप्पी सीधे तौर पर वोटों के गणित से जुड़ी रही। यदि ममता को लगता था कि उनकी अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की चरम सांप्रदायिक राजनीति की कोई तीखी प्रतिक्रिया नहीं होगी तो शायद वे उतनी चतुर नेता नहीं हैं, जितना उन्हें माना जाता है।

*यह व्याख्या सतही तौर पर ही सही है, क्योंकि इसमें वे महत्वपूर्ण पहलू अनदेखे ही रह जाएंगे, जो बंगाल के राजनीतिक पटल पर तूफान की थाह लेने के लिए आवश्यक है। भाजपा के इस तूफान ने उन घेराबंदियों को ध्वस्त करने का काम किया, जिनकी व्यूह रचना उस पर बाहरी पार्टी का ठप्पा लगाते हुए उसे सुनियोजित तरीके से हमेशा के लिए राज्य की सत्ता से दूर रखने के लिए ही रची गई थी। कुछ लोग यह दलील भी दे सकते हैं कि देश में भ्रष्टाचार अब चुनावी मुद्दा नहीं रहा और आपराधिक तत्वों का विरोध भी केवल सड़कों पर भीड़ को लामबंद करने तक ही सीमित होकर रह गया है। हालांकि बंगाल के नतीजे ऐसी धारणाओं को धता बताते हैं। बंगाल की जनता ने भ्रष्टाचार के पर्याय बन चुके तृणमूल शासन के विरुद्ध अपने मतदान से आक्रोश प्रकट किया। लोगों के जेहन में ममता के बेहद करीबी मंत्री के यहां से*

## कहानी

### जादू की केतली

जापान में ये ख़्याल आम है कि भूत-प्रेत अक्सर बिल्ली, लोमड़ी या बिज्जू की शक्ल में फिरा करते हैं। बिल्ली और लोमड़ी वाले भूत तो ख़तरनाक समझे जाते हैं लेकिन बिज्जू वाला भूत किसी को सताता नहीं बल्कि वो हल्की-फुल्की शरारतें कर के लोगों का दिल बहलाता है और उन्हें खुश करता और हँसाता है। अक्सर ऐसा हुआ है कि किसी सुनसान सड़क से गुज़रने वाले मुसाफ़िर के कानों में पास के जंगल से ढोल बजने की आवाज़ें आने लगीं और जब मुसाफ़िर ने वहाँ जा कर देखा तो मालूम हुआ कि बिज्जू साहब अपने पिछले पैरों पर खड़े हुए शोर मचा रहे हैं, बेचारा मुसाफ़िर घबरा कर भागा और बिज्जू साहब क़हक़हा लगा कर हंस पड़े। अब सुनो... एक था किसी मंदिर का पुरोहित और उसके पास थी एक ताँबे की केतली। उस केतली में पानी गर्म कर के वो चाय बनाया करता था। एक दिन जो वो चाय बनाने के लिए केतली उठाने चला तो देखता क्या है कि केतली में से एक सर झाँक रहा है और उसकी टोंटी में से बिज्जू के दो हाथ निकले हुए हैं पुरोहित ग़रीब बहुत डरा और अपनी झोंपड़ी की तरफ़ भागा मुँह फेर कर देखा तो वो केतली भी झूमती हुई उसके पीछे-पीछे चली आ रही थी। पुरोहित जल्दी से भाग कर अपनी कुटी में घुस गया और अंदर से किवाड़ बंद कर लिए। फिर उसे अपनी केतली में से क़हक़हों की आवाज़ सुनाई दी थोड़ी देर बाद जब पुरोहित ने झाँका तो केतली ज़मीन पर रखी हुई थी और सर और हाथ सब ग़ायब थे। पुरोहित कुटी से निकला और डरते-डरते केतली को उठाया और उसे एक बक्स के अंदर बंद दिया। अगले दिन एक ठटेरा उस गाँव से गुज़रा जहाँ पुरोहित रहता था पुरोहित ने सोचा लाओ इसके हाथ वो केतली बेच क्यों न डालें, ऐसी चीज़ घर में नहीं रखनी चाहिए, खुदा जाने क्या नुक़्सान पहुँचा दे, जब ठटेरा उसकी तरफ़ आया तो पुरोहित ने वो केतली उसे दिखाई और औने-पौने दामों में उसके हाथ फ़रोख्त कर दी। उधर ठटेरा चंद टकों में इतनी उम्दा केतली लेकर बहुत खुश हुआ, इधर पुरोहित सोचने लगा कि आज ठटेरे को खूब उल्लू बनाया। केतली पर तो तुम जानो बिज्जू का क़बज़ा था ही, वो भला कब अपनी हरकतों से बाज़ आने वाला था, रात को जब ठटेरा सो रहा था तो उस बोरे में से जिसमें उसने केतली रख छोड़ी थी तरह-तरह की आवाज़ें निकलनी शुरू हुईं। ठटेरे की आँख खुल गई, वो बहुत हैरान हुआ कि ये आवाज़ें कैसी हैं। उठ कर बोरे को खोला तो वो पुरोहित वाली केतली बोरे से निकल कर नाचने लगी। केतली के मुँह में से बिज्जू का मुँह और उसकी टोंटी में से उसके दोनों हाथ निकले थे। ठटेरा ये तमाशा देख कर डरा नहीं बल्कि वो बिज्जू की हरकतों पर बहुत हंसा, फिर उसे ख़्याल आया कि ये तो बड़ी दिलचस्प चीज़ है, ऐसी अजीब केतली किस ने देखी होगी, लाओ इसका नाम जादू की केतली रख दें और इसका तमाशा दिखा कर रुपय कमाएँ। ठटेरे के काम में तो कुछ पल्ले नहीं पड़ता, केतली के तमाशे से पेट भर खाना तो मिल जाया करेगा। आख़िर ठटेरे ने बिज्जू केतली को तरह-तरह के हँसने-हंसाने वाले करतब सिखा कर फेरी लगानी शुरू की, इस केतली का तमाशा जो देखता हंसते-हंसते लौट जाता। ठटेरा दूर-दूर मशहूर हो गया, उसका तमाशा लोग बड़े शौक़ से देखते थे, जहाँ जाता हज़ारों आदमियों की भीड़ लग जाती, उसकी बिज्जू केतली करतब दिखाती रस्सी पर चलती, दरख्तों पर चढ़ती वहाँ से कूदती और जापानी गत्तों पर नाचती। नवाबों और राजाओं की तरफ़ से उसको बुलावे आने लगे और वो बड़े-बड़े महलों और हवेलियों में जा कर अपनी मशहूर केतली का तमाशा दिखाने लगा। होते-होते ठटेरा खुश-हाल हो गया और बहुत आराम और आसाइश से ज़िंदगी बसर करने लगा और काफ़ी रूपया उसने जमा कर लिया। अब उसे केतली लिए फिरना और घर-घर के फेरे लगाना अच्छा नहीं मालूम होता था। आख़िर ठटेरे ने, ताँबे-पीतल के बर्तनों की एक बड़ी सी दुकान ली। बाज़ीगरी का पेशा तर्क करने के बाद भी ठटेरा केतली से दिल बहलाया करता था। उसे केतली वाले बिज्जू से मुहब्बत थी। बिज्जू उसके इशारों पर चलता था। मगर केतली के खेल धंदों में लगे रहने से उसका वक़्त बहुत ज़ाया होता था

## चुनाव बाद हिंसा का दुष्चक्र



पश्चिम बंगाल चुनाव के पहले और चुनाव के दौरान तो हिंसा से बच गया, लेकिन चुनाव बाद हिंसा से नहीं बच पा रहा है। केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के बाद भी जिस तरह हिंसा जारी है, उससे पिछले विधानसभा चुनावों के बाद की भयावह हिंसा का स्मरण हो आया। तब ममता की सत्ता में वापसी हुई थी और उनके नेता-कार्यकर्ता निरंकुश होकर विरोधी दलों के समर्थकों पर टूट पड़े थे। उस समय ममता ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया था कि अभी उन्होंने शपथ नहीं ली है। इस बार वे इस खोखले तर्क की आड़ में छिपती दिख रही हैं कि चूंकि जीत भाजपा को मिली है, इसलिए हिंसा रोकने की जिम्मेदारी उसी की है, लेकिन यह ध्यान रहे कि अभी नई सरकार का गठन नहीं हुआ है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि बंगाल में हिंसा इसलिए हो रही है, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ता हार की खीझ भाजपा समर्थकों पर निकाल रहे हैं। ममता ने यह कहकर एक तरह से अपने समर्थकों को उकसाया ही है कि वे हारी नहीं, बल्कि उन्हें हराया गया है और इसलिए वे त्यागपत्र नहीं देंगी। स्पष्ट है कि वे चुनाव बाद हिंसा भड़काने के आरोपों से बच नहीं सकतीं। स्पष्ट यह भी है कि तृणमूल समर्थक आतंकित करने वाली हिंसा का जो परिचय दे रहे हैं, वह उस हिंसक राजनीतिक संस्कृति की देन है, जिसे ममता ने पिछले 15 वर्षों में उसी तरह संरक्षित किया, जैसे एक समय वाम दलों ने किया था। बंगाल में आतंक मचा रहे हिंसक तत्व कितने अधिक दुस्साहसी हैं, इसका खौफनाक प्रमाण है भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री पद के दावेदार सुवेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की गोली मार कर हत्या। सुवेंदु का यह आरोप सच हो तो हैरानी नहीं कि रथ की टारगेट किलिंग इसलिए हुई कि उन्होंने ममता को चुनावी मात दी। इस हत्या के साथ भाजपा समर्थकों को निशाना बनाने वाली अन्य हिंसक घटनाओं के पीछे तृणमूल समर्थकों का हाथ होने की भरी-पूरी आशंका इसलिए है, क्योंकि अतीत में भी उन्होंने ऐसी हिंसा की है और सब जानते हैं कि ममता ने कभी उसकी परवाह नहीं की। यह अच्छा हुआ कि इस्तीफा न देने की जिद पर अड़ीं ममता को बर्खास्त कर दिया गया, लेकिन जब तक भाजपा सत्ता नहीं संभालती, तब तक चुनाव आयोग और पुलिस प्रशासन को यह देखना होगा कि मौजूदा हिंसा पर कैसे लगाम लगे। वैसे तो चुनाव बाद 60 दिनों तक केंद्रीय बलों को बनाए रखने का फैसला लिया गया था

# राजाखेड़ा में कांग्रेस को बड़ा झटका: सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले की राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के गांव चंगोरा साला में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी को बड़ा राजनीतिक झटका लगा, जब रावत परिवार सहित सर्व समाज के सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में नए सदस्यों का भाजपा पटका पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा का ग्रामीणों ने बड़ी माला, शॉल एवं पुष्प वर्षा कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर कांग्रेस से जुड़े कई युवा नेताओं और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी वर्गों को साथ लेकर विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं को सम्मान और स्वतंत्र रूप से जनहित में कार्य करने का अवसर मिलता है। उन्होंने प्रदेश में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में भाजपा को लगातार मजबूत होने वाली पार्टी बताया। शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार, पेपर लीक और माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। साथ ही राजाखेड़ा क्षेत्र के विकास के लिए कृषि उपज मंडी, धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और सड़कों के लिए बजट जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। उन्होंने दावा किया कि विकास कार्यों और भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। अपने संबोधन में नीरजा शर्मा ने कांग्रेस पार्टी और स्थानीय विधायक पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता अब बदलाव चाहती है और विकास में बाधा बनने वाले लोगों को जनता जवाब देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ काम कर रही है और राजाखेड़ा क्षेत्र विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में जेपी रावत, बनवारी रावत, ओमप्रकाश रावत, सुरेश रावत, संतोष रावत, जयकुमार, अजब सिंह रावत, मोहन रावत, उम्मेदीलाल रावत, बृजकिशोर सिसोदिया, रामबाबू सिसोदिया, जगदीश सिसोदिया और दम्मो सिसोदिया सहित कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, बनवारी सिसोदिया, हरि सिंह गुर्जर, लक्ष्मण लोधा, एदल तोमर, रिंकू तोमर, प्रदीप तोमर, लटूरी तोमर, केके शर्मा और हेमंत शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सांभरलेक व फुलेरा नगरपालिकाओं की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित


जयपुर टाइम्स



**सांभरलेक/फुलेरा(निस)।** राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान के निर्देशानुसार अर्हता 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में नगरपालिका सांभरलेक व फुलेरा की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 8 मई को किया गया। उपखंड अधिकारी व उपखंड मजिस्ट्रेट सांभरलेक ऋषिराज कपिल ने बताया कि नगरपालिका सांभरलेक में कुल 17,422 मतदाता दर्ज किए गए हैं, जिनमें 8,921 पुरुष, 8,500 महिला व 1 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। वहीं नगरपालिका फुलेरा में कुल 18,702 मतदाता हैं, जिनमें 9, 438 पुरुष व 9, 264 महिला मतदाता शामिल हैं। दावे व आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 13 अप्रैल से 27 अप्रैल तक रही। इस दौरान नगरपालिका फुलेरा में 572 नए नाम जोड़े गए तथा 435 नाम हटाए गए। वहीं नगरपालिका सांभरलेक में 542 नए नाम जोड़े गए व 613 नाम हटाए गए, जिनका नियमानुसार निस्तारण किया गया। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची 2026 की सॉफ्ट कॉपी सीडी (फोटो सहित) एवं हार्ड कॉपी निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई। यह वितरण 8 मई को आयोजित बैठक में संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्तर पर किया गया। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने अथवा संशोधन करवाने की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। इसके लिए नागरिक फॉर्म नंबर 03, 05 व 06 भरकर संबंधित प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं।

## अधूरा सीसी रोड बना मुसीबत: कीचड़ और जलभराव से ग्रामीण व स्कूली बच्चे परेशान


जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले के बसेड़ी उपखंड क्षेत्र के ग्राम इंदे का पुरा में अधूरा पड़ा सीसी रोड निर्माण ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। मुख्य रास्ते पर कीचड़ और जलभराव की स्थिति के चलते लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार को उपखंड अधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपकर जल्द निर्माण कार्य पूरा करवाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के अन्य हिस्सों में सड़क निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन मुख्य गली का रास्ता अब भी अधूरा पड़ा है। बारिश और जलभराव के कारण सड़क की हालत खराब हो गई है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है और रोजाना स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ रहा है। फिसलन के कारण कई बच्चे गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। इसके अलावा दोपहिया वाहन चालक भी रास्ते में फंस रहे हैं और हादसों का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आमजन और विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए अधूरे सीसी रोड निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## ग्राम पाली में शराब ठेके का विरोध: ग्रामीणों में आक्रोश

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले की बसेड़ी तहसील के ग्राम पाली में प्रस्तावित शराब के खोखे को लेकर ग्रामीणों में भारी विरोध देखने को मिल रहा है। ग्रामवासियों ने उपखण्ड अधिकारी बसेड़ी को ज्ञापन सौंपकर गांव में खुलने जा रही शराब की दुकान को तत्काल बंद करवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि आज तक गांव में कभी शराब का ठेका या खोखा संचालित नहीं हुआ, लेकिन अब मुख्य रास्ते पर शराब का खोखा खोले जाने की तैयारी की जा रही है। इसी मार्ग से गांव की बालिकाएं, महिलाएं और किसान प्रतिदिन खेतों तथा अन्य कार्यों के लिए आवाजाही करते हैं। ऐसे में शराब का ठेका खुलने से महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा पर खतरा बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामवासियों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि शराब की दुकान खुलने से गांव का माहौल खराब होगा और युवा पीढ़ी पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि पूरे गांव में इस फैसले को लेकर भारी आक्रोश है और यदि दुकान खोली गई तो किसी भी विवाद या अप्रिय घटना की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि शराब के खोखे को गांव से हटाकर किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाए, ताकि गांव का सामाजिक वातावरण सुरक्षित और शांतिपूर्ण बना रहे।

## जयपुर में थार जीप ने बाइक को उड़ाया, बाइक पर सवार युवक 10 फीट दूर उछलकर खो गया घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर के खोह नागोरियां थाना इलाके में थार जीप ने आरटीओ से जवाहरलाल नेहरू हॉस्पिटल रोड पर सर्कल के पास बाइक सवारी के जोरदार टक्कर मार दी जिसकी वजह से बाइक सवारी युवक करीब 10 फीट दूर कुचलकर गिरकर घायल हो गया युवक के टक्कर मारने के बाद चालक जीप को तेजी से मौके से भगा ले गया लेकिन करीब 5 किलोमीटर दूर जाने के बाद जीप का टायर फट गया जिसकी वजह से वह जीप को रोड के किनारे खड़ी करके खुद मौके से फरार हो गया पुलिस ने जीप को बरामद कर लिया है और जीप के नंबरों के आधार पर फरारी युवक की तलाश की जा रही है, घायल युवक भरतपुर जिले के अटारी गांव का रहने वाला है जिसे उपचार के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है । पुलिस ने बरामद की गई जीप के नंबर के आधार पर जीप के मालिक की पहचान भी कर ली है अब यह पता लगाया जा रहा है कि जीप को कौन चला रहा था।

## मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, दो चोरी की बाइक बरामद

जयपुर टाइम्स



**माधोराजपुरा(निस)।।** जयपुर ग्रामीण जिले के माधोराजपुरा थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण ने बताया कि 5 मई को डाबिच मालियान निवासी नवरत्न माली ने माधोराजपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह अपनी मोटरसाइकिल से ग्राम रामसिंहपुरा स्थित खेत पर रजका लेने गया था। वापस लौटने पर उसकी बाइक गायब मिली। बदमाश बाइक चोरी कर ले गए। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी फागी अनिल कुमार डोरिया के सुपरविजन तथा थानाधिकारी रणधीर सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता और सूचना संकलन के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी राजेंद्र प्रसाद चौधरी पुत्र नाथूराम जाट निवासी कीरतपुरा थाना चाकसू को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई हीरो एचएफ डीलक्स बाइक सहित एक अन्य लावारिस मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने चाकसू क्षेत्र से भी मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपी दिन के समय गांवों के आसपास सुनसान स्थानों पर खड़ी मोटरसाइकिलों की रेकी कर मौका मिलते ही चोरी की वारदात को अंजाम देता था। पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## नाटकवाला कला मंच पर मनाई गई रवीन्द्रनाथ टैगोर जयंती, साहित्य और रंगमंच से दी श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स



**आमेर(निस)।।** नाटकवाला कला मंच, आमेर के तत्वावधान में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती श्रद्धा, साहित्य और रंगमंचीय प्रस्तुतियों के साथ उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में रंगमंच कलाकार व गोल्ड मेडलिस्ट सुनील सोगण मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुदेव टैगोर के चित्र पर दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती पूजन के साथ हुई। कार्यक्रम के दौरान सुनील सोगण ने गुरुदेव टैगोर का विश्व प्रसिद्ध गीत 'एकला चलो रे' प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने शायर ताहिर फ़राज़ की कविता 'दिन वो भी क्या थे जब हम अपने देश में रहते थे' का प्रभावशाली वाचन किया। उन्होंने गुरुदेव टैगोर के चर्चित उपन्यास 'गोरा' के अंशों का पाठ भी किया। सुनील सोगण ने कहा कि वर्तमान समय में गुरुदेव टैगोर के विचारों और साहित्य को युवा पीढ़ी व रंगकर्मियों तक पहुंचाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि कलाकारों को केवल सरकारी आयोजनों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, बल्कि स्वयं आगे बढ़कर साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन नाटकवाला कला मंच के निदेशक ओमप्रकाश सैनी ने किया। बाल कलाकार अवनी सैनी और युग सैनी ने गुरुदेव की ओर से रचित राष्ट्रगान 'जन गण मन' प्रस्तुत कर वातावरण को राष्ट्रभक्ति और साहित्यिक भावनाओं से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम में सभी कलाकारों और साहित्य प्रेमियों ने गुरुदेव टैगोर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में चंदी देवी हंसा सैनी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर ओमप्रकाश सैनी ने बताया कि गुरुदेव टैगोर रचित नाटक 'चंडालिका' से उनका जुड़ाव पिछले दस वर्षों से बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यह नाटक समाज में व्याप्त छुआछूत, असमानता और आत्मसम्मान की लड़ाई को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करता है। उन्होंने भविष्य में 'चंडालिका' का मंचन रवीन्द्र मंच या जवाहर कला केंद्र जैसे बड़े मंचों पर करने की इच्छा जताई। कार्यक्रम के अंत में कलाकारों ने साहित्यकारों और महान विभूतियों की जयंती नियमित रूप से मनाने तथा नए कलाकारों को रंगमंच से जोड़ने का संकल्प लिया।

## 72 लाख खर्च, फिर भी बदहाल पार्क : टूटी बेंच, बंद लाइटें और कबाड़ बने ओपन जिम उपकरण

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा शहर में सौंदर्यीकरण और लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के उद्देश्य से नगर पालिका की ओर से बनाए गए पार्क महज दो साल में ही बदहाली का शिकार हो गए हैं। लाखों रुपए खर्च कर तैयार किए गए इन पार्कों में अब टूटे झूले, क्षतिग्रस्त जिम उपकरण, बंद पड़ी लाइटें और उखड़ी हुई घास नजर आ रही है। हालत यह है कि जिन पार्कों को लोगों के मनोरंजन और स्वास्थ्य के लिए विकसित किया गया था, वे अब अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाते दिखाई दे रहे हैं। नगर पालिका ने कोर्ट परिसर व राजकीय बालिका विद्यालय क्षेत्र के चौधरी बाग रोड पर बाबू महाराज दिव्यांग पार्क सहित अन्य पार्कों के निर्माण और सौंदर्यीकरण पर करीब 72 लाख रुपए खर्च किए थे। पार्कों में बच्चों के लिए झूले, लोगों के व्यायाम के लिए ओपन जिम उपकरण, बैठने के लिए बेंच और आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की गई थी। लेकिन रखरखाव के अभाव में अब अधिकांश सुविधाएं खराब हो चुकी हैं। पार्कों में लगी कंक्रीट की बेंच टूटकर जमीन पर गिर गई हैं। झूले और जिम उपकरण खराब होकर उपयोग लायक नहीं रहे। वहीं पार्कों में लगी लाइटें बंद पड़ी हैं और कई स्थानों से लाइटें गायब भी हो चुकी हैं। साफ-सफाई और नियमित देखभाल नहीं होने से घास सूख चुकी है तथा पौधे भी खराब होने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि राज्य सरकार लोगों के स्वास्थ्य और मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए पार्क और ओपन जिम जैसी सुविधाएं विकसित कर रही है, लेकिन नगर पालिका इनकी देखभाल की जिम्मेदारी निभाने में विफल साबित हो रही है। लोगों का आरोप है कि पार्कों के रखरखाव के नाम पर कर्मचारियों की तैनाती दिखाकर बिल तो उठा लिए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई व्यवस्था नजर नहीं आती। ओपन जिम की स्थिति भी खराब हो चुकी है। लोगों का कहना है कि उद्घाटन के बाद कुछ समय तक ही उपकरण उपयोग में आए और बाद में खराब होकर बेकार पड़े रहे। अब पार्कों में लोगों की बजाय निराश्रित पशु घूमते दिखाई देते हैं। मामले को लेकर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विष्णु कुमार परमार ने बताया कि बाबू महाराज दिव्यांग पार्क का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पार्कों की मरम्मत और देखभाल नहीं की गई तो लाखों रुपए की लागत से बनाई गई ये सुविधाएं पूरी तरह बेकार हो जाएंगी।

## नो हेलमेट-नो पेट्रोल' अभियान ला रहा असर

### बिना हेलमेट लौटे बाइक चालक को बाद में पहनकर आना पड़ा

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया जा रहा पुलिस का 'नो हेलमेट-नो पेट्रोल' अभियान अब असर दिखाने लगा है। बाड़ी कोतवाली थाना पुलिस की इस पहल के तहत शुक्रवार को एक बाइक चालक को बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं मिलने पर वापस घर जाकर हेलमेट पहनकर आना पड़ा। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के सुपरविजन में 'जीवन रक्षा सड़क सुरक्षा अभियान' के तहत बाड़ी कोतवाली पुलिस की ओर से यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि बिना हेलमेट आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जाए। शुक्रवार को थानाधिकारी देवेंद्र शर्मा व पुलिस जाप्ता बाड़ी-धौलपुर रोड स्थित गर्ग फिलिंग पेट्रोल पंप पर अभियान की मॉनिटरिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक चालक बिना हेलमेट के पेट्रोल भरवाने पहुंचा। पेट्रोल पंप के सेल्समैन ने पुलिस के निर्देशानुसार हेलमेट नहीं होने पर पेट्रोल देने से साफ मना कर दिया। जरूरी यात्रा पर जाने के लिए वाहन में पेट्रोल की आवश्यकता होने पर बाइक चालक वापस घर गया और हेलमेट पहनकर दोबारा पेट्रोल पंप पहुंचा। इसके बाद ही उसे पेट्रोल उपलब्ध कराया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभियान का उद्देश्य केवल नियमों की पालना करवाना नहीं, बल्कि लोगों की जान बचाना है। हेलमेट सड़क हादसों में सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण साधन है और लोगों को इसकी आदत डालने के लिए जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

पुलिस की इस पहल को आमजन और पेट्रोल पंप संचालकों का भी सहयोग मिल रहा है। अधिकारियों का मानना है कि इस तरह के प्रयासों से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में मदद मिलेगी।

## जनगणना प्रशिक्षण शिविर का अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण, प्रगणकों को दिए जरूरी निर्देश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भारत की जनगणना-2027 के तहत चल रहे प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने प्रशिक्षण स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा प्रशिक्षण ले रहे कर्मियों से संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपखंड जनगणना अधिकारी अलका श्रीवास्तव, जिला उप जनगणना अधिकारी राजेश कुमार सांवरिया, जिला कोऑर्डिनेटर जनगणना बृजेश शर्मा एवं नगर पालिका सरमथुरा की ईओ विमलेश मौजूद रहीं। अधिकारियों ने प्रशिक्षण कक्षों का भ्रमण कर मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दी जा रही जानकारी का अवलोकन किया। इस दौरान यह देखा गया कि प्रगणकों को मकान सूचीकरण, डिजिटल डेटा एंट्री और जनगणना से जुड़े तकनीकी पहलुओं की सही जानकारी दी जा रही है या नहीं। अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्रक्रिया को गंभीरता से लेने और प्रत्येक बिंदु को समझकर कार्य करने के निर्देश दिए। उपखंड जनगणना अधिकारी अलका श्रीवास्तव ने प्रगणकों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना का कार्य बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सटीक आंकड़े ही भविष्य की योजनाओं और विकास कार्यों का आधार बनते हैं। जिला उप जनगणना अधिकारी राजेश कुमार सांवरिया एवं जिला कोऑर्डिनेटर बृजेश शर्मा ने प्रशिक्षण के तकनीकी पहलुओं पर चर्चा करते हुए डिजिटल प्रणाली के सही उपयोग की जानकारी दी। वहीं ईओ विमलेश ने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर संतोष जताते हुए प्रगणकों को निर्देशित किया कि वे क्षेत्र में जाकर पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ डेटा संग्रहण का कार्य करें, ताकि जनगणना-2027 के लिए सटीक और विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध हो सकें।

## भगवान परशुराम शोभा यात्रा समिति का चैरिटेबल ट्रस्ट में विलय, समाजहित में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भगवान परशुराम शोभा यात्रा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर समाजहित, संगठनात्मक मजबूती और धार्मिक गतिविधियों के सुव्यवस्थित संचालन को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से भगवान परशुराम शोभा यात्रा समिति का भगवान परशुराम चैरिटेबल ट्रस्ट में विलय करने का फैसला लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में समाज की धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को एक मंच से संचालित करना आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य से समिति ने ट्रस्ट के साथ समन्वय स्थापित कर समाज को संगठित करने और नई पीढ़ी को धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का संकल्प लिया। समिति के जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कार्यकारिणी की सहमति से ट्रस्ट अध्यक्ष पीसी बोहरा के प्रतिनिधि एवं कोषाध्यक्ष किशनचंद शर्मा, ट्रस्टी रामगोपाल शर्मा, श्रीनिवास शर्मा और हरिनिवास प्रधान को औपचारिक पत्र सौंपा। इसमें भगवान परशुराम शोभा यात्रा समिति को ट्रस्ट के अंतर्गत 'भगवान परशुराम शोभा यात्रा प्रकोष्ठ' के रूप में मान्यता देने का अनुरोध किया गया, ताकि पूर्व की भांति शोभायात्रा, धार्मिक आयोजन एवं सामाजिक गतिविधियां निरंतर संचालित होती रहें। बैठक में यह भी तय किया गया कि वर्तमान कार्यकारिणी, अध्यक्ष, पदाधिकारी और सदस्य अपने वर्तमान दायित्वों के साथ ट्रस्ट के अधीन समाजहित में कार्य करते रहेंगे। साथ ही विगत वर्ष की शेष राशि समाजहित एवं धार्मिक कार्यों के लिए ट्रस्ट को समर्पित करने का निर्णय लिया गया। पूर्व वर्षों की शेष सहयोग राशि भी ट्रस्ट में जमा कराने का प्रस्ताव रखा गया।

# पीएमश्री बालिका विद्यालय की छात्राओं ने सीखी स्व-गणना की बारीकियां

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** आगामी जनगणना को अधिक सटीक, पारदर्शी और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पीएम श्री बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सरमथुरा में एक विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्राओं को डिजिटल स्व-गणना की बारीकियों से अवगत कराया और उन्हें इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उपखंड जनगणना अधिकारी अलका श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य की नींव है। डिजिटल माध्यम से स्व-गणना समय की बचत के साथ-साथ आंकड़ों की शत-प्रतिशत सटीकता सुनिश्चित करती है।

उप जनगणना अधिकारी राजेश कुमार सांवरिया ने तकनीकी पहलुओं पर जोर देते हुए कहा कि डिजिटल क्रांति के इस दौर में स्व-गणना नागरिकों को सशक्त बनाने का एक माध्यम है। जब डेटा सीधे आधिकारिक पोर्टल पर दर्ज किया जाता है, तो गणना में मानवीय भूल की संभावना समाप्त हो जाती है और पारदर्शिता बढ़ती है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने परिवारों को इस पोर्टल का उपयोग करना सिखाएं ताकि डेटा की शुद्धता बनी रहे। जिला कॉर्डिनेटर (जनगणना) बृजेश शर्मा ने बालिकाओं को डिजिटल दूत की संज्ञा देते हुए कहा कि तकनीक का सही उपयोग ही राष्ट्र निर्माण में सहायक है। डिजिटल पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया अत्यंत सरल और सुरक्षित है। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक परिवार इस तकनीक को अपनाए। आप बालिकाएं अपने समाज की डिजिटल दूत बनकर इस संदेश को घर-घर तक पहुँचा सकती हैं, जिससे भविष्य में बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य योजनाओं का खाका तैयार किया जा सके। तहसीलदार महेश सिंह चौहान और नगर पालिका सरमथुरा की ईओ विमलेश ने भी जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य बताया। विद्यालय के उपप्राचार्य भगवान दास जाटव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ सहित वीणा मीणा, पुष्पेंद्र शर्मा, मंजू मीणा, रामेश्वर मीणा, धर्मपाल बराला और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। पारदर्शिता और शुद्धता आंकड़ों में मानवीय हस्तक्षेप कम होने से सटीकता बढ़ती है। नागरिक घर बैठे आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से सुरक्षित रूप से अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। सही आंकड़ों से भविष्य में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं की सटीक योजना बनाना संभव होगा।



## 'टॉक्सिक' जैसी सिनेमाई दुनिया पहले कभी नहीं देखी

'कांतारा: ए लीजेंड चैप्टर 1' की सफलता का जश्न मना रही अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत अब अपनी अगली बड़ी फिल्म 'टॉक्सिक: अ फेरीटेल फॉर ग्रो-अप्स' को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रही हैं। हाल ही में रुक्मिणी ने फिल्म के भव्य स्केल और अनोखी दुनिया के बारे में खुलकर बात की। रुक्मिणी वसंत ने बताया कि फिल्म का स्केल इतना बड़ा और प्रभावशाली है कि उन्होंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं देखा। उन्होंने कहा, 'इसका स्केल निश्चित रूप से ऐसा है जैसा मैंने अब तक कभी नहीं देखा। फिल्म के लिए बनाई जा रही सिनेमाई दुनिया पूरी तरह फ्रेश और बेहद भव्य है। निर्देशक गीतू मोहनदास और अभिनेता यश द्वारा तैयार की जा रही इस दुनिया को देखकर उन्हें बहुत खुशी हो रही है। रुक्मिणी ने बताया, 'मुझे लगता है कि हमारी डायरेक्टर गीतू मोहनदास और यश जो फिल्म तैयार कर रहे हैं, वह इतनी विशाल और नई है कि यह मुझे सचमुच कुछ अनोखा और अलग लगता है। मैं इस फिल्म का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। मुझे यह देखने के लिए भी उत्सुकता है कि दर्शक इस नई दुनिया पर कैसी प्रतिक्रिया देते हैं।'

उन्होंने फिल्म पर बात करते हुए कहा कि वह खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हैं कि उन्हें इस प्रोजेक्ट में काम करने का मौका मिला है। उन्होंने बताया कि 4 जून को रिलीज होने वाली यह फिल्म उन्हें सबसे ज्यादा रोमांचित कर रही है। यह फिल्म यश और वेंकट के. नारायण की प्रोडक्शन कंपनियों केवीएन प्रोडक्शंस और मॉनस्टर माइंड क्रिएंशंस के बैनर तले बन रही है। फिल्म में यश के साथ नयनतारा, कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया, हुमा कुरैशी, अक्षय ओबेरॉय और सुदेव नायर जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं।

'टॉक्सिक' हिंदी, तेलुगु के साथ तमिल, मलयालम समेत कई भारतीय और अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में डब किया जाएगा, जिससे यह पूरे देश के साथ-साथ विदेशों में भी दर्शकों तक पहुंच सकेगी। रुक्मिणी वसंत इस फिल्म के अलावा जूनियर एनटीआर की अगली फिल्म में भी काम कर रही हैं। उनके पास कुछ अनऑनाउंस्ड प्रोजेक्ट्स भी हैं, जिनकी घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है।



## उर्वशी रौतेला की वापसी से और दमदार होगा

### इंस्पेक्टर अविनाश सीजन 2

क्राइम और सस्पेंस से भरपूर वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' एक बार फिर दर्शकों के बीच लौटने जा रही है। मेकर्स ने इसके दूसरे सीजन का ऐलान कर दिया है और इस बार कहानी पहले से ज्यादा रोमांच से भरी होगी। सीरीज में एक बार फिर उर्वशी रौतेला अहम किरदार निभाती नजर आएंगी। वह इस रोल को अपने करियर के सबसे खास किरदारों में से एक मानती हैं। उर्वशी रौतेला ने कहा, ''मेरे लिए 'इंस्पेक्टर अविनाश' सिर्फ एक सीरीज नहीं, बल्कि एक भावनात्मक सफर रहा है। मेरा किरदार असली जिंदगी से प्रेरित है, इसलिए इसे मैंने जिम्मेदारी के साथ निभाने की कोशिश की है। निर्देशक नीरज पाठक की लिखी स्क्रिप्ट ने मुझपर काफी प्रभाव डाला है। जैसे ही मैंने कहानी पढ़ी, मुझे महसूस हुआ कि यह किरदार सिर्फ अभिनय करने का मौका नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है।'' उन्होंने कहा, ''सीरीज का दूसरा सीजन अपराध और पुलिस की दुनिया को गहराई से दिखाएगा। हालांकि, इस बार कहानी सिर्फ अपराध और जांच तक सीमित नहीं रहेगी। इसमें उन परिवारों की जिंदगी को भी दिखाया जाएगा, जो पुलिस अधिकारियों के साथ हर मुश्किल दौर में खड़े रहते हैं। मेरा किरदार इसी भावनात्मक पक्ष को सामने लाएगा। सीरीज यह दिखाने की कोशिश करेगी कि एक पुलिस अधिकारी की नौकरी सिर्फ उसी इंसान को नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार को प्रभावित करती है। उनके परिवारों को भी डर, तनाव और त्याग के साथ जीना पड़ता है।''

अपने किरदार को असली बनाने के लिए उर्वशी ने काफी मेहनत की। उन्होंने बताया, ''तैयारी के दौरान मैं असली इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा की पत्नी से मिलीं। मुझे उनकी सादगी, धैर्य और मानसिक मजबूती ने काफी प्रभावित किया। उनके साथ समय बिताने के बाद मुझे समझ आया कि पुलिस अधिकारी की पत्नी होना कितना मुश्किल होता है। बाहर से यह जिंदगी सामान्य दिख सकती है, लेकिन अंदर ही अंदर बहुत संघर्ष और चिंता छिपी होती है। इसी अनुभव ने मुझे अपने किरदार को और बेहतर तरीके से समझने में मदद की।'' उर्वशी ने कहा, ''मैंने इस किरदार के लिए करीब दो साल तक तैयारी की। छोटी-छोटी आदतों और व्यवहार को समझने की कोशिश की। बोलने का तरीका, बॉडी लैंग्वेज, चलने का अंदाज और यहां तक कि साड़ी पहनने के तरीके तक पर भी ध्यान दिया। मैं चाहती हूं कि दर्शकों को मेरा किरदार पूरी तरह असली लगे।'' उन्होंने कहा, ''यह किरदार मेरे पिछले सभी किरदारों से काफी अलग है और यही बात मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित करती है। मैं हमेशा से ऐसे किरदार निभाना चाहती थीं जिनमें भावनात्मक गहराई हो।''



## दिलजीत दोसांझ का अपनी जड़ों से जुड़े रहना ही उन्हें दूसरों से अलग बनाता है

मशहूर गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ भारत समेत पूरे विश्व में अपनी कला का परचम लहराते रहते हैं। उनकी लोकप्रियता का खुमार लोगों में इस कदर होता है कि कॉन्सर्ट के टिकट मिनटों में बिक जाते हैं और सोशल मीडिया पर उनकी हर अदा पर फैंस जान छिड़कते हैं। अभिनेता के प्रति दीवानगी आम जनता से लेकर मनोरंजन जगत के बड़े सितारों में भी देखने को मिलती है, जिनमें पंजाबी सिनेमा की अभिनेत्री गीता बसरा का नाम भी शामिल है। गीता बसरा ने पंजाबी आइकन अवॉर्ड्स 2026 के दौरान दिलजीत के प्रति अपनी दीवानगी जाहिर की। अभिनेत्री ने बातचीत में बताया कि वे दिलजीत उनके 'ऑल-टाइम फेवरेट' पसंदीदा पंजाबी कलाकार हैं।

अभिनेत्री ने दिलजीत की खूबियों पर बात करते हुए कहा कि वह एक साथ कई प्रतिभाओं के धनी हैं। गीता ने कहा, 'दिलजीत सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता ही नहीं बल्कि गायक भी हैं। उनकी आवाज में वो जादू है, जो सीधे दिल तक पहुंचती है। वह एक शानदार सिंगर होने के साथ-साथ कमाल के एंटरटेनर भी हैं। सही मायनों में देखा जाए तो वह मनोरंजन का एक फुल पैकेज हैं।' गीता ने कहा कि दिलजीत ने पंजाबी संस्कृति और संगीत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दी। वे कहती हैं, 'जिस तरह से दिलजीत ने ग्लोबल लेवल पर अपना नाम बनाया है, वैसा कारनामा अब तक बहुत कम कलाकार कर पाए हैं। उन्होंने दुनिया के बड़े मंचों पर भारत का नाम रोशन किया है। मैं उनकी बहुत बड़ी फैन हूं।' दिलजीत दोसांझ का चुलबुला अंदाज और अपनी जड़ों से जुड़े रहना ही उन्हें दूसरों से अलग बनाता है। चाहे उनकी फिल्में हों या लाइव परफॉरमेंस, उनकी एनर्जी हर किसी को झूमने पर मजबूर कर देती है।



## काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' की रिलीज डेट का एलान



काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अपनी आगामी फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। यह एक सोशल-पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म है। फिल्म का नाम 'द इंडिया' स्टोरी है। इसकी रिलीज डेट का एलान कर दिया गया है। फिल्म जुलाई में दर्शकों तक पहुंचेगी।

कब रिलीज होगी काजल-श्रेयस की फिल्म?

काजल और श्रेयस तलपड़े की 'द इंडिया स्टोरी' 24 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में खेती में रसायनों के दुरुपयोग और उनके खतरनाक प्रभावों के बारे में दर्शाया जाएगा। खासतौर पर यह फिल्म कीटनाशक खेती और उससे जुड़े घोटालों के संदर्भ में है। यह फिल्म मूल रूप से किसी एक व्यक्ति की कहानी से आगे बढ़कर एक बड़े व्यवस्थागत संकट पर केंद्रित है। यह पर्यावरणीय चिंताओं और औद्योगिक लापरवाही पर प्रकाश डालती है और साथ ही कॉर्पोरेट जवाबदेही पर भी सवाल उठाती है। स्ब्लूत प्रोडक्शन एंड स्टूडियोज के सहयोग से जी स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म का निर्देशन चेतन डीके ने किया है, जबकि इसकी कहानी सागर बी. शिंदे ने लिखी और इसका निर्माण भी उन्होंने ही किया है।

### लोगों को जागरुक करने की कोशिश

फिल्म की थीम के बारे में बात करते हुए प्रोड्यूसर सागर बी. शिंदे ने कहा कि यह कहानी एक ऐसी सच्चाई को दिखाती है, जो अनगिनत लोगों की जिंदगी पर असर डालती है, लेकिन अक्सर लोगों की नजर से छूट जाती है।

उन्होंने एक बयान में कहा, 'हमने यह कहानी इसलिए चुनी, क्योंकि यह एक ऐसी सच्चाई को दिखाती है जो अक्सर लोगों की नजर से छूट जाती है, लेकिन पूरे देश में अनगिनत लोगों की जिंदगी पर असर डालती है।

केमिकल्स का गलत इस्तेमाल, खासकर कीटनाशक वाली खेती में, सिर्फ पर्यावरण से जुड़ी चिंता ही नहीं है, बल्कि यह एक मानवीय संकट भी है। हम चाहते हैं कि इस फिल्म के जरिए लोगों में जागरूकता फैले और वे जवाबदेही और बदलाव के बारे में सार्थक बातचीत शुरू करें'। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में रिलीज होगी।





## इंडस्ट्री में मेरे लिए हमेशा जगह रहेगी

अरशद वारसी ने अपने तीन दशक लंबे करियर में हर तरह के किरदार निभाए हैं। कॉमेडी रोल से अपनी पहचान बनाने वाले अरशद ने ग्रे शेड कैरेक्टर, सीरियस कैरेक्टर और निगेटिव रोल भी अदा किए हैं। यही कारण है कि अरशद वारसी का ऐसा मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री में उनके लिए हमेशा एक जगह रहेगी। अरशद वारसी ने कॉमेडियंस या कॉमेडी करने वाले अभिनेताओं को कमतर आंके जाने पर निराशा जताते हुए ये उम्मीद जताई कि ऐसे कलाकारों को वो सम्मान मिले, जिसके वे हकदार हैं।

बातचीत में अरशद वारसी ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में 30 साल सिर्फ एक संख्या नहीं है। यह एक उपलब्धि है। यह महत्वाकांक्षा से कहीं अधिक धैर्य का प्रमाण। बेशक इंडस्ट्री आपकी परीक्षा लेगा। कड़ी मेहनत तो हर कोई करता है, लेकिन अगर आप खुद पर और अपनी क्षमता पर दृढ़ विश्वास रखते हैं और धैर्य बनाए रखते हैं, तो निश्चिंत रहें कि एक दिन दूसरे भी आप पर विश्वास करेंगे। यही चीज मुझे आगे बढ़ाती रही। मैंने कभी हार नहीं मानी, न तब जब काम धीमा हो गया, न तब जब पहचान एक समान नहीं थी और न तब जब सिस्टम मेरे खिलाफ झुका मालूम हुआ। मुझे पूरा विश्वास है कि मैं एक अच्छा अभिनेता हूं और इस इंडस्ट्री में मेरे लिए जगह है। वास्तव में इस इंडस्ट्री में मेरे लिए हमेशा जगह रहेगी।

### कॉमेडी को नहीं मिलता सम्मान

अपनी बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग के लिए मशहूर अरशद ने इस बात पर चिंता जताई कि कॉमेडी को अक्सर मुख्य भूमिकाओं से कैसे जोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर कॉमेडियन, अभिनेता या उभरते हुए कलाकार जो कॉमेडी में माहिर हैं, उनके लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम इसे कमतर आंकते हैं। यह वाकई दुखद है। मुझे नहीं लगता कि कोई कभी किसी अभिनेता से पूछेगा कि क्या अभिनय में माहिर होना मुख्य भूमिका निभाने में बाधा बनता है। या क्या रोमांस और ड्रामा में माहिर होना एक सीमा बन जाता है। तो फिर कॉमेडी में माहिर होना मुख्य भूमिका निभाने में बाधा क्यों माना जाता है? कॉमेडी करने वाले लोगों को अक्सर सतही, गैर-गंभीर और कम बुद्धिमान समझा जाता है। जबकि असल में मजेदार होने के लिए आपको बेहद बुद्धिमान, जानकार, तेज और गंभीर होना पड़ता है। हर कोई जानता है कि कॉमेडी एक्टिंग का सबसे कठिन रूप है। ऐसे बहुत कम अभिनेता हैं जो वास्तव में कॉमेडी कर सकते हैं। कृपया उन्हें वह सम्मान दें जिसके वे हकदार हैं।

### अरशद वारसी की पाइपलाइन में हैं कई बड़ी फिल्में

वर्कफ्रंट की बात करें तो अरशद वारसी पिछले साल 'जॉली एलएलबी 3' और 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में नजर आए थे। इस साल भी उनकी पाइपलाइन में कई फिल्में हैं। इनमें 'वेलकम टू द जंगल' और 'धमाल 4' जैसी फ्रेंचाइजी फिल्में शामिल हैं। इसके अलावा उनके राजकुमार हिरानी के निर्देशन में भी नजर आने की संभावना है। वहीं अरशद तिग्मांशु धूलिया की आगामी फिल्म 'घमासान' में भी नजर आएंगे, इसमें वो कुख्यात डाकू ददुआ की भूमिका में दिखाई देंगे। जबकि इन दिनों अरशद 'गोलमाल 5' की शूटिंग में व्यस्त हैं।

### ओटीटी को लेकर चिंतित नहीं हैं अरशद

ओटीटी के बढ़ते वर्चस्व को लेकर अरशद वारसी का कहना है कि मुझे जिस तरह की फिल्में पसंद थीं, वैसी ही फिल्में अब ओटीटी पर बन रही हैं। मैं हमेशा से ऐसा अभिनेता रहा हूं जिसे कमर्शियल फिल्में पसंद थीं, लेकिन उनमें वास्तविकता का पुट होना चाहिए। मुझे तर्कहीन कहानी कहने का तरीका पसंद नहीं था। इसलिए मेरे लिए यह एक शानदार समय है क्योंकि जिस तरह की फिल्में मुझे पसंद थीं, वैसी ही फिल्में अब ओटीटी पर बन रही हैं। सिनेमा में आए सभी बदलावों को दिल से पसंद करता हूं। चाहे वो पहले कैसा भी रहा हो और आज जैसा भी हो। मुझे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का यह दौर अच्छा लगता है और मैं फिल्ममेकिंग के कमर्शियल और पैरलल दोनों पहलुओं की सराहना करता हूं। आखिरकार हमारी फिल्में अंतरराष्ट्रीय स्तर की दिख रही हैं।

# ग्राम रथ अभियान सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रत्येक नागरिक तक पहुंच बनाने का प्रभावी माध्यम

## प्रभारी मंत्री ने बाली में संध्या चौपाल कर ग्रामीणों की सुनी परिवेदनाएँ

## समाधान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई ने गुरूवार को सायंकाल भीनमाल विधानसभा की बाली ग्राम पंचायत में संध्या चौपाल कर ग्रामीणों के परिवेदनाएँ सुनी और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। संध्या चौपाल में प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। इसी क्रम में ग्राम रथ अभियान सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रत्येक नागरिक तक पहुंच बनाने का प्रभावी माध्यम है। सभी नागरिक इन रथों से जानकारी प्राप्त कर राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं और परिवेश के अन्य लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी अपेक्षाएं और सुझाव जानकर कहा कि विकसित राजस्थान के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नीति निर्माण में आमजन की भागीदारी लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है तथा सरकार जनता की भावनाओं व आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थय, पेयजल, सड़क, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार व कृषि क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार व जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राम रथ अभियान के माध्यम से सरकार सीधे गांव स्तर तक पहुंचकर योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करा रही है, जिससे आमजन में जागरूकता बढ़ी है और लोगों को योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा मिल रही है। उन्होंने लोगों से सुझाव पेटिका के माध्यम से अपने सुझाव देने का आह्वान करते हुए कहा कि जनता के सुझाव सरकार की नीतियों को और अधिक जनहितकारी व प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित होकर गांव, गरीब, किसान, युवा व महिलाओं का सशक्तिकरण हो। उन्होंने चौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशील है और प्रशासन को जवाबदेह बनाते हुए प्रत्येक व्यक्ति को राहत पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और आमजन को योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जसराज राजपुरोहित, बागोड़ा उपखण्ड अधिकारी लाखाराम, तहसीलदार रामलाल, विकास अधिकारी अंकित जीनगर, दानाराम चौधरी, महेन्द्र मेघवाल, हिंगलादान चारण, सांवलाराम देवासी, परबतसिंह, प्रवीण दवे, गंगदाराम, प्रशासक मूलसिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बाली में आयोजित संध्या चौपाल से पूर्व प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई ने चितलवाना में ग्राम रथ अभियान के तहत आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए।

### रथ देखने पहुँचे ग्रामीण, दिखा उत्साहः

शुक्रवार को आसाणा, चौराऊ, वालेरा, गुन्दाऊ, सेड़िया, सरनाऊ, नोरवा, बांकली, धाणा, भोरड़ा, गोमी, मोरसीम, नया मोरसीम, राउता व चैनपुरा में ग्राम रथों से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार- प्रसार कर जन- जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संदेश प्रसारित कर जनता और सरकार के बीच सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। योजनाओं को रोचक बनाने के लिए लोक कलाकारों की ओर से शाम के समय गांवों में 'संध्या चौपाल' में कला जत्था के माध्यम से योजनाओं को गीतों और नाटकों के जरिए प्रभावी ढंग से समझाया गया। ग्राम रथ को देखने के लिए ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा।

### 13 विभागों की योजनाओं की मिल रही जानकारीः

ग्राम रथों के माध्यम से कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, उद्योग, ऊर्जा, राजस्व, पंचायती राज, ग्रामीण विकास विभाग की सहभागिता से कृषकों व पशुपालकों सहित ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

# खड़े ट्रक में आग लगने से मची अफरा तफरी



जयपुर टाइम्स

**बिजौलिया(निस)।** कस्बे के राजकीय हायर सेकंडरी स्कूल के पास जाबदा रोड स्थित एक पत्थर फैक्ट्री के बाहर पत्थर भरने के लिए आए एक खड़े ट्रक में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई।पूरा ट्रक धू-धू कर जलने लगा। नजदीक ही खड़ी दो बाइक भी आग की चपेट में आ गई और जलकर खाक हो गई। ट्रक की केबिन में स्पार्किंग से आग लगने की जानकारी सामने आई हैं। सूचना पर बिजौलियां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मांडलगढ़ से फायर ब्रिगेड को बुलाया गया।

# बिजौलियां कस्बे को नई रेलवे लाइन से जोड़ने की मांग



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** बिजौलियां कस्बे को नई रेलवे लाइन से जोड़ने के लिए प्रस्तावित मार्ग मंदसौर- नीमच-सिंगोली होते हुए बिजौलियां व ऊपरमाल रेलवे स्टेशन तक नया मार्ग जोड़ने को लेकर भाजपा के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष मनोज गोधा के नेतृत्व में मंडल महामंत्री मुकेश धनोपिया, मंडल उपाध्यक्ष शांति लाल जोशी,पूर्व मंडल महामंत्री वेदप्रकाश तिवारी व राजेश पटवारी ने सांसद दामोदर अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। सांसद दामोदर अग्रवाल ने केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव से शीघ्र दिल्ली में मुलाकात कर पूर्ण प्रयास करने का आश्वासन दिया। गोधा ने बताया कि बिजौलियां में भारत की सबसे बड़ी सेंड स्टोन की मंडी हैं। यहां से लगभग 80 देशों में सेंडस्टोन सड़क मार्ग के जरिए निर्यात होता हैं। नई रेलवे लाइन बिजौलियां से जुड़ने पर पत्थर की लागत भी कम आएगी व भारत सरकार को विदेशी मुद्रा भी बहुत अधिक मात्रा में प्राप्त होगी।ह्य

# घर का बेकार सामान अब आएगा जरूरतमंदों के काम, सुमेरपुर में सद्भावना केंद्र शुरू



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** नगरपालिका सुमेरपुर की ओर से सामाजिक सहयोग और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र (आरआरआर सेंटर) की शुरुआत की गई है। शुक्रवार को आरटीओ कार्यालय के पास अधिशासी अधिकारी नरपत सिंह राजपुरोहित के सानिध्य में केंद्र का शुभारंभ हुआ। अधिशासी अधिकारी नरपत सिंह राजपुरोहित ने बताया कि कई घरों में पुराने कपड़े, खिलौने, फर्नीचर, किताबें, जूते सहित अन्य उपयोगी सामान लंबे समय तक अनुपयोगी पड़ा रहता है। ऐसे सामान को अब सद्भावना केंद्र के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि जरूरतमंद परिवारों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल दान तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवा और स्वच्छता से भी जुड़ी हुई है। घरों में पड़े अनुपयोगी सामान का सही उपयोग होने से स्वच्छता अभियान को भी मजबूती मिलेगी। पालिका प्रशासन की ओर से इस अभियान को 'दान भी, सेवा भी और स्वच्छता भी' की भावना के साथ संचालित किया जा रहा है। नगरपालिका प्रशासन ने शहरवासियों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और युवाओं से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। प्रशासन का कहना है कि अधिक से अधिक लोगों के जुड़ने से जरूरतमंद परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा और सामाजिक सहयोग की भावना मजबूत होगी। पालिका प्रशासन को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में लोग इस केंद्र के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आएंगे।

# सुमेरपुर में अतिक्रमण पर पालिका सख्तः फुटपाथ पर सामान रखा तो जब्ती के साथ लगेगा 5100 रुपए जुर्माना

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शहर के मुख्य बाजार में बढ़ते अतिक्रमण, अव्यवस्थित पार्किंग और फुटपाथों पर कब्जों को लेकर नगर पालिका प्रशासन अब सख्त कार्रवाई के मूड में नजर आ रहा है। शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में व्यापारियों, पुलिस अधिकारियों और पालिका प्रशासन की बैठक में साफ चेतावनी दी गई कि सात दिन बाद बाजार क्षेत्र में सड़क, नाली या फुटपाथ पर रखा सामान जब्त कर लिया जाएगा और 5100 रुपए जुर्माना वसूलने के बाद ही छोड़ा जाएगा। अधिशाषी अधिकारी नरपतसिंह राजपुरोहित ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने और बाजारों में अतिक्रमण फैलाने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा। दुकानों के बाहर सामान फैलाने, नालियों और बिजली के खंभों के पास केबिन लगाने तथा निजी वाहन खड़े कर रास्ता बाधित करने वालों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी सात दिनों तक नगर पालिका की ओर से मुनादी कर लोगों को अंतिम चेतावनी दी जाएगी। इसके बाद पालिका टीम पुलिस जाब्ते के साथ बाजार में अभियान चलाकर कार्रवाई करेगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार का दबाव या सिफारिश स्वीकार नहीं की जाएगी। पालिका प्रशासन ने व्यापारियों से बाजार क्षेत्र में साफ-सफाई बनाए रखने, कचरा सड़क पर नहीं फेंकने और 'स्वच्छ सुमेरपुर-स्वस्थ सुमेरपुर' अभियान में सहयोग करने की अपील की। साथ ही आमजन से कहा गया कि अतिक्रमण, गंदगी या पालिका से जुड़ी शिकायतों की सूचना 02933-252925 और व्हाट्सएप नंबर 8690061900 पर दी जा सकती है।

# नमो एप पर सरकार के कार्यों को जन जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए

## आत्मनिर्भर मंडल की कार्यशाला बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स




**जालोर(निस)।** विधानसभा के भाजपा मंडल उम्मेदाबाद में भाजपा जिला अध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के मार्गदर्शन में भाजपा मंडल उम्मेदाबाद की आत्मनिर्भर मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य भाजपा मंडल के सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओं को संगठन की गतिविधियों और संगठन संरचना के बारे में जानकारी देना और सभी कार्यकर्ताओं को आम जन की सेवा कार्यों में लग कर जनहितैषी केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की योजनाओं से सभी को लाभान्वित करवाना है। मंडल क्षेत्र के भाजपा के वरिष्ठ भाजपाइयों के मार्गदर्शन में भाजपा को मजबूत और संगठित करने की प्रेरणा दी गई। जिला संगठन के प्रतिनिधि के रूप में जिला महामंत्री गजेंद्र सिंह सिसोदिया ने कार्यशाला में भाग लिया। सिसोदिया ने संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला और उसको जमीन स्तर पर उतार कर संगठन को मजबूती देने पर चर्चा की। आई टी जोधपुर संभाग संयोजक चंद्रकांत सन्देश ने मंडल की आई टी टीम को संगठन की गतिविधियों को सरल एप पर अपलोड करने व नमो एप पर सरकार के कार्यों को जन जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। जालोर विधानसभा के सह संयोजक राव गणपत सिंह बगेड़िया ने सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को संगठन के कार्यों में सजगता और जागरूकता से काम करके संगठन को नई दिशा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उत्तम चंद गर्ग ने की। मंडल अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को उनसे कार्यों में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर दशरथ सिंह भाटी, प्रशासक आशा कुमारी सरगरा मंडल मंत्री, मंडल उपाध्यक्ष सूजाराम मेघवाल, कल्याण सिंह पडिहार, नैनसिंह राजपुरोहित, छैल सिंह रावणा राजपूत, कैसाराम प्रजापत, भीमाराम सरगरा, तलाराम सरगरा, जामताराम सरगरा, अमराराम माली मंडल महामंत्री, कुलदीप यति, जबरारम सरगरा, भरत सरगरा मंडल संयोजक मन की बात, भीखाराम मेघवाल, मीठालाल समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनभागीदारी से ही सफल होगा टीबी मुक्त भारत अभियानः इन्दरजीत सिंह

## टीबी मुक्त भारत अभियान के इंडिकेटर्स की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत संचालित 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन व निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति को लेकर केएनएसटीडीसी निदेशक डॉ. इन्दरजीत सिंह ने शुक्रवार को जालौर जिले का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने हाई रिक्स विलेज बड़गांव ब्लॉक रानीवाड़ा में आयोजित आयुष्मान आरोग्य शिविर का निरीक्षण कर अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, स्क्रीनिंग कार्य व विभिन्न इंडिकेटर्स की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान डॉ. सिंह ने शिविर में आने वाले व्यक्तियों की बीपी, डायबिटीज, टीबी व अन्य रोगों की स्क्रीनिंग, सैंपल कलेक्शन, एक्स-रे जांच, सीबीनाट जांच, केस डिटेक्शन व नोटिफिकेशन, उपचार प्रारंभ करने की स्थिति, कॉन्ट्रैक्ट ट्रेसिंग, टीपीटी, निक्षय मित्र व विभिन्न बिंदुओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि टीबी रोगियों की समय पर पहचान व गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करना अभियान की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व स्वास्थ्य कार्मिकों को निर्देश दिए कि उच्च जोखिम वाले समूहों की अधिक से अधिक स्क्रीनिंग की जाए तथा संदिग्ध मरीजों की जांच में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। साथ ही उपचाररत मरीजों का नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करते हुए उन्हें पोषण सहायता उपलब्ध करवाया जाए। दौरे के दौरान निदेशक डॉ. इन्दरजीत सिंह ने रानीवाड़ा स्थित सीबीनाट साइट एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर खानपुर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मशीन की कार्यप्रणाली, सैंपल जांच प्रक्रिया, रिपोर्टिंग व्यवस्था एवं रिकॉर्ड संधारण का अवलोकन किया। उन्होंने जांच रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराने तथा जांच की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही मशीनों के नियमित रखरखाव एवं अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान को जनभागीदारी से ही सफल बनाया जा सकता है। इसके लिए आमजन में जागरूकता बढ़ाने, लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच करवाने तथा उपचार को बीच में नहीं छोड़ने के लिए निरंतर प्रेरित करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर बीसीएमओ रानीवाड़ा डॉ. गणपत लाल, डॉ. सुरंगिला, डीपीसी अभिमन्यु सिंह, बीएचएस लक्ष्मणदान चारण समेत विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

# विद्या भारती इंटरनेशनल स्कूल में 'मदर्स डे' का भव्य आयोजन

जयपुर टाइम्स




**जालोर(निस)।** शहर के सिरे मंदिर रोड स्थित विद्या भारती इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी मां के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि नर्सरी से यूकेजी के नन्हे छात्रों ने 'मेरी प्यारी अम्मी' गाने पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसी प्रकार कक्षा 1 से 5 इन कक्षाओं के विद्यार्थियों ने 'दुनिया की सबसे प्यारी मेरी मां' विषय पर आधारित रचनात्मक गतिविधियां कीं और चार्ट पेपर के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। कक्षा 6 से 8 वरिष्ठ छात्रों ने मदर्स डे पर प्रभावी भाषण दिए और बोर्ड पर सुंदर ड्राइंग बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक के.एन. भाटी ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने बदलते परिवेश और आधुनिक समय में मां की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जीवन में मां का स्थान सर्वोपरि है। विद्यालय की निदेशिका मधुबाला भाटी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें अपनी मां का सदैव सम्मान करने और उनकी आज्ञा का पालन करने की सीख दी। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन मां के प्रति सम्मान व्यक्त करने के संकल्प के साथ हुआ।

# भाजपा की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर मंथन

जयपुर टाइम्स




**फुलेरा(निस)।** भारतीय जनता पार्टी मंडल फुलेरा शहर की आवश्यक बैठक रामद्वारा, गणगौरी बाजार में आयोजित हुई। बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर मंथन किया गया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल, असम व पांडिचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर मंडल अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। बैठक में मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने कस्बे में बिगड़ती सफाई व्यवस्था, अनियमित बिजली कटौती व पानी की सप्लाई को लेकर नाराजगी जताई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिजली-पानी की समस्या से आमजन परेशान हैं, जिससे लोगों में रोष बढ़ रहा है।

# भजन-कीर्तन से जुटाई राशि गौसेवा में समर्पित, शिव महिला मंडल बना प्रेरणा

जयपुर टाइम्स





**सुमेरपुर(निस)।** शहर का शिव महिला मंडल इन दिनों गौसेवा और जीवदया के कार्यों को लेकर चर्चा में है। मंडल की महिलाओं ने भजन-कीर्तन के माध्यम से जुटाई गई राशि को गौमाता की सेवा में समर्पित कर समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण पेश किया है। महिलाओं की सेवा भावना से प्रभावित होकर अहमदाबाद निवासी भामाशाह हिम्मतलाल पुत्र नाथाराम प्रजापति ने गौसेवा के लिए एक ट्रॉली हरा चारा भेंट किया। वहीं शिव महिला मंडल की ओर से भी श्रीराम गौशाला कोलीवाड़ा पहुंचकर एक ट्रॉली हरा चारा समर्पित किया गया। महिला सदस्यों ने अपने हाथों से गौमाता को चारा खिलाकर सेवा और संवेदना का संदेश दिया। इसके अलावा मंडल ने गोमती जीव दया गौशाला में भी हरा चारा भेंट किया। जानकारी के अनुसार महिला मंडल पिछले कई वर्षों से भजन-कीर्तन के माध्यम से राशि एकत्रित कर गौसेवा, जीवदया और धार्मिक कार्यों में सहयोग करता आ रहा है। महिला मंडल की ओर से हाल ही में श्रीराम गौशाला में चिड़ियाघर निर्माण का संकल्प भी लिया गया है। साथ ही विभिन्न गौशालाओं में पानी के अवाडे बनवाने और पशुओं के लिए राहत कार्य जैसे सेवा कार्य लगातार किए जा रहे हैं। महिला मंडल अध्यक्ष मंजू कुमावत, उपाध्यक्ष सुशीला गर्ग, नंदा देवी, कन्या देवी, भीमा देवी, चंद्रा देवी खंडेलवाल, गायत्री राठी, भगवती राठी और हिना देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने गौसेवा को भारतीय संस्कृति और मानवता का प्रतीक बताया। इस अवसर पर सेवा समिति अध्यक्ष धीरज सांखला, उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पुरोहित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार, मंत्री भंवरलाल परमार सहित कई समाजसेवी मौजूद रहे। सेवा समिति अध्यक्ष धीरज सांखला ने कहा कि शिव महिला मंडल आज जिले में गौसेवा की नई पहचान बन चुका है और महिलाओं की यह पहल समाज को सकारात्मक दिशा दे रही है।

## सुमेरपुर में प्रतिभा सम्मान समारोह कल

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** गोडवाड़ क्षेत्र में शिक्षा और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 10 मई को श्री गोडवाड़ सेवा समिति सुमेरपुर-शिवगंज की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। राजमाता विजयराजे सिंधिया टाउन हॉल में होने वाले इस समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित नवनियुक्त अधिकारियों का सम्मान किया जाएगा।

**राजस्थान धरोहर प्राधिकरण**
भूतल पर्यटन भवन, संजय मार्ग (विधायकपुरी थाने के सामने) खासा काठी, जयपुर-302001
Tel:-0141-2615648/40 Email: rhppa.jaipur@gmail.com

**ई-निविदा सूचना संख्या 06/2026-27**

निम्नलिखित कार्यो के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों द्वारा पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Raja Khemkaran Panorama Dist. Bharatpur (Raj.) **UBN is: HPP2627WSOB00019** | 285.47 Lakh | 15 Months |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाइट **http://eproc.rajasthan.gov.in** एवं **http://sppp.raj.nic.in** पर देखा जा सकता है। इच्छुक निविदादाताओं को अपने डिजीटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाइट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।

राज.संवाद/सी/26/2388 — मुख्य कार्यकारी अधिकारी

# उप जिला अस्पताल में मरीज बेहाल: दवा केंद्रों पर लंबी कतारें

## बंद पंखों और एसी की गर्म हवा ने बढ़ाई परेशानी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** भीषण गर्मी के बीच शहर के राजकीय उप जिला चिकित्सालय में मरीजों को उपचार से ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में पांच में से तीन दवा केंद्र बंद होने के कारण मरीजों की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। घंटों इंतजार के बाद दवा मिलने से मरीजों और उनके परिजनों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार की ओर से तीन संविदाकर्मी फार्मासिस्ट हटाए जाने के बाद अस्पताल में दवा वितरण व्यवस्था चरमरा गई है। वर्तमान में केवल दो दवा केंद्रों से ही मरीजों को दवाइयां दी जा रही हैं, जिससे प्रतिदिन अस्पताल पहुंचने वाले 1500 से 2000 मरीजों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थिति इतनी खराब है कि दवा केंद्रों के बाहर लगी कतारों के ऊपर लगे पंखे भी बंद पड़े हैं। वहीं जिन स्थानों पर मरीज लाइन में खड़े रहते हैं, वहां अस्पताल के कमरों में लगे एसी के आउटडोर लगे हुए हैं। आउटडोर से निकलने वाली गर्म हवा के कारण मरीजों को तेज गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों का कहना है कि एक ओर भीषण गर्मी और दूसरी ओर एसी की गर्म हवा ने हालात और बदतर कर दिए हैं।

लाइन में लगे कई मरीजों ने बताया कि घंटों धूप और उमस में खड़े रहने के कारण लोगों की तबीयत बिगड़ रही है तथा कई मरीज चक्कर खाकर गिर भी चुके हैं। मरीजों का कहना है कि डॉक्टर जहां लोगों को गर्मी से बचने और ठंडी जगह पर रहने की सलाह दे रहे हैं, वहीं अस्पताल परिसर में ही बुनियादी सुविधाओं का अभाव नजर आ रहा है। मरीजों और परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले आठ दिनों से दवा केंद्र बंद पड़े हैं, लेकिन व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया। शिकायत करने पर केवल जल्द व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया जाता है।

शुक्रवार को मरीजों के बढ़ते आक्रोश और मीडिया की मौजूदगी के बाद अस्पताल प्रशासन ने तुरंत एक अतिरिक्त दवा केंद्र शुरू कर दिया। हालांकि मरीजों का कहना है कि स्थायी समाधान होने तक परेशानी बनी रहेगी। वहीं जब अस्पताल प्रभारी से इस संबंध में बात करने का प्रयास किया गया तो वे अवकाश पर मिले, जिसके कारण उनका पक्ष सामने नहीं आ सका। अब देखना यह होगा कि अस्पताल प्रशासन मरीजों को राहत देने के लिए कब तक प्रभावी कदम उठाता है।

## मानव सेवा के कार्यों के साथ मनाया इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी का स्थापना दिवस



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के स्थापना दिवस पर तारानगर में मानवता और सेवा भाव से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर भामाशाह अमरसिंह चारण के सौजन्य से उप जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर जूस पिलाया गया। कार्यक्रम में एसडीएम राजेंद्र कुमार व डीएसपी रोहित सांखला ने मरीजों का कुशलक्षेम पूछते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान गर्मी के मौसम को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए डीएसपी कार्यालय परिसर में परिंडे लगाकर अभियान की शुरुआत की गई। साथ ही झुग्गी-झोंपड़ियों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री वितरित की गई तथा टैंकरों के माध्यम से पानी की व्यवस्था कर मानव सेवा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में पीएमओ डॉ. देवीलाल जोशी, मुकेश फगेड़िया, पूर्णसिंह, निशांत स्वामी, अनिल, राजू, सुनील सहित अंबेडकर युवादल के कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी हमेशा से मानवता की सेवा और जरूरतमंदों की सहायता के लिए कार्य करती रही है तथा समाज के लोगों को भी सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

## नगरपरिषद कार्यालय पर प्रदर्शन, दिया नोटिस का जवाब



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगपरिषद कार्यालय की गणेश मंदिर की ओर स्थित खिड़कियों के कांच कई जगह से टूटे हुए पड़े हैं। कारण है कि स्टेडियम में जब क्रिकेट का शोट लगता है, तब खिड़कियों के कांच टूट जाते हैं। इस मामले को लेकर हाल ही में नगरपरिषद के आयुक्त की ओर से स्नेह मिलन कमेटी सुजानगढ़ के राजा खान को नोटिस दिया गया था। नोटिस में बताया गया था कि हाल ही में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान लगे क्रिकेट शोट से अनेक खिड़कियों के कांच टूट गए हैं। जो कि राजकीय सम्पति को नुकसान पहुंचाने की श्रेणी में आता है। इसलिए तीन दिनों में खिड़कियों का रिपेयरिंग करवाया जाना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके विरूद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी जाएगी। इस नोटिस के बाद क्रिकेट प्रेमियों में आक्रोश फैल गया और शुक्रवार को अनेक खेल प्रेमी प्रदर्शन करते हुए नगरपरिषद कार्यालय पर पहुंचे और नारेबाजी की। इसके बाद राजा खान की ओर से नोटिस का जवाब दिया गया। जिसमें बताया गया है कि राजनीतिक दुर्भावना के चलते मुझे ये नोटिस दिया गया है, क्योंकि स्टेडियम की तरफ तो जाली लगी हुई है, जिससे बॉल पार नहीं हो सकती। ये खिड़कियां पहले से टूटी हुई हैं, जिसके बारे में सहायक अभियंता को मौखिक रूप से जानकारी दी गई थी। इसलिए मुझे बेवजह मानसिक रूप से प्रताड़ित नहीं किया जाए। वहीं प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि नगरपरिषद का भवन स्टेडियम के अंदर ही बना हुआ है। शाहिद खान कायमखानी ने बताया कि शहर के एक मात्र मैदान में नगरपरिषद की बिल्डींग बनाई गई और इसमें बैठे अधिकारी अब स्टेडियम में खेल रहे लोगों को परेशान कर रहे हैं, ऐसा सहन नहीं किया जा सकता। नगरपरिषद खिलाड़ियों को परेशान करने की बजाय जनता की समस्याओं का समाधान करे। प्रदर्शन के दौरान परवेज खान, इरफान, राजा खान, आजाद, मुकेश, अकरम, सद्दाम, आमीर, जावेद, अब्दुल पंवार, आरिफ, रेहान, समीर, वसीम, सुशील गुर्जर, शशिकांत, अजय, राजेश, रोहित सहित अनेक लोग मौजूद रहे। नोटिस का जवाब एटीपी उदयसिंह को सौंपा गया।

## इंसानियत एकता सेवा समिति ने मनाया सातवां स्थापना दिवस

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित नया बस स्टैण्ड पर एक होटल में इंसानियत एकता सेवा समिति का सातवां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। समिति के छः वर्ष पूरे होने पर समिति सदस्यों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर समिति ने राजकीय डीबी अस्पताल में दो सीमेंटेड बैंच रखने, मरीजों और परिजनों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था करने सहित अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इब्राहीम सोलंकी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी मो. रफीक राजगढ़िया ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए इनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस मौके पर संस्थापक करामत खान उर्दू अदीब ने स्थापना दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समिति द्वारा पिछले छः वर्षों में सामाजिक सरोकार में सफलतापूर्वक विभिन्न नेक कार्य किए गए। समिति उपाध्यक्ष वसीम अली ने समिति के सभी सदस्यों से संगठित रहकर समिति को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस दौरान समिति संयोजक नौशाद खान, अयूब खान, असलम खान, बिलाल खान, सुलेमान मनिहार, आसिफ लोहार, गुलाम हुसैन गौरी, शाहरुख मनीहार, जावेद खान, अबरार खान, जाहिद खान, शोयब खान, रेहान खान, शमशाद खान, सोयल खान, अरमान खान, समीर खान, माज अहमद खान, आदिल चौहान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी मोहम्मद अली पठान ने किया। व्यवस्थापक इंजी. जाफर खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## एसडीएम कार्यालय के बाहर वकीलों का उग्र प्रदर्शन: रीडर को हटाने की मांग पर गरमाई सरदारशहर की राजनीति

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** एसडीएम कार्यालय में कार्यरत रीडर संदीप भोजक को पद से हटाने की मांग को लेकर सरदारशहर में अधिवक्ताओं का आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। कई दिनों से जारी धरना शुक्रवार को उस समय उग्र रूप में दिखाई दिया, जब बड़ी संख्या में वकीलों ने एसडीएम कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने मौके पर भारी पुलिस जाप्ता तैनात किया। बार अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने धरना स्थल पर एकत्र होकर रीडर संदीप भोजक पर भ्रष्टाचार, कार्य में मनमानी तथा वकीलों और आमजन के साथ अभद्र व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि लंबे समय से रीडर के व्यवहार को लेकर अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त था, लेकिन बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। बार अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपुरोहित ने कहा कि न्यायिक और प्रशासनिक कार्यों से जुड़े कार्यालयों में पारदर्शिता और सम्मानजनक व्यवहार होना जरूरी है, लेकिन यहां स्थिति इसके विपरीत बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही संदीप भोजक को पद से नहीं हटाया गया तो आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र किया जाएगा। धरने के दौरान अधिवक्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई। आंदोलन को अब विभिन्न सामाजिक संगठनों का भी समर्थन मिलने लगा है। कई संगठनों के प्रतिनिधि धरना स्थल पर पहुंचे और अधिवक्ताओं की मांगों को जायज बताते हुए आंदोलन में साथ देने की बात कही। सामाजिक संगठनों के जुड़ने के बाद आंदोलन के और अधिक व्यापक होने के संकेत मिल रहे हैं। वहीं प्रशासन पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए एसडीएम कार्यालय परिसर और आसपास पुलिस बल तैनात रहा, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। फिलहाल अधिवक्ताओं का धरना लगातार जारी है और शहर में यह मुद्दा चर्चा का विषय बना हुआ है। अब सभी की नजर प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई है।

## ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन के बाद गोपालपुरा में शराब ठेका बन्द

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव गोपालपुरा के ग्रामीणों ने बनिया बास स्कूल के पास स्थित शराब ठेके पर पहुंचकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और शराब ठेके को बंद करने की मांग की। प्रशासक सविता राठी ने बताया कि गांव के मोहल्लों में शराब ठेके की अवैध ब्रांच खुलने के कारण ग्रामीण परेशान है। राजकीय महात्मा गांधी स्कूल, बाणिया बास गोपालपुरा के प्रिंसिपल भागीरथ गर्ग ने बताया कि एक दो दिन से बालिकाएं शिकायत कर रही हैं कि शराब के नशे में शराबी उनके पीछे दौड़े, जिसके कारण बालिकाओं में डर का माहौल है। दूसरी ओर कुछ अभिभावकों ने बालिकाओं को स्कूल भेजने से मना कर दिया, जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। प्रशासक सविता राठी ने बताया कि पिछले डेढ़ से दो साल से लगातार पंचायत की ओर से ज्ञापन दिया जाकर प्रशासन के संज्ञान में लाया जाता रहा है। इस ब्रांच से होकर महात्मा गांधी विद्यालय के बच्चे निकलते हैं और बच्चियों को काफी दिक्कत आती है। जिसके कारण हमारी मांग है कि मोहल्लों में खुली शराब की अवैध ब्रांचे बंद करवाई जावे और जनता को राहत प्रदान की जावे। दूसरी ओर ठेके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों और स्कूली बच्चों ने मिलकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। सदर थाना पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकान में रखी शराब के कार्टन जप्त कर लिए। प्रशासक सविता राठी ने बताया कि दुकान को बंद करवा दिया गया है। इस दौरान कैलाश मेघवाल, कमली, आचू, श्रवणराम, कानसिंह, त्रिलोक, नेमाराम प्रजापत, रामनिवास, ग्यारसी, भंवरी, मंगलाराम, परमेश्वरी, नरेंद्रसिंह, कैसाराम, खेता राम, पूर्णाराम, डाली बाई, गौरीशंकर, धर्माराम, खेतू देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। प्रशासक ने बताया कि नायक बस्ती की ब्रांच को भी बंद करवा दिया गया है। सब इंस्पेक्टर गीता रानी भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। दूसरी ओर शराब की दुकान बंद होने से स्कूली विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में खुशी की लहर है।

## जनगणना 2027 में उत्कृष्ट कार्य पर प्रगणक सुनील कुमार सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण व मकानों की गणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रगणक व अध्यापक सुनील कुमार को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। शुक्रवार को जिला कलक्टर व प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी संदेश नायक ने कलेक्ट्रेट परिसर में उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सुनील कुमार, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मुंडिया, जालसू में अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने तहसील जालसू के ब्लॉक संख्या-0022 में परिवारों को स्व-गणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया तथा उन्हें स्वयं जनगणना करने के लिए प्रेरित किया। उनके प्रयासों से निर्धारित समय-सीमा से पहले ही क्षेत्र में शत-प्रतिशत स्व-गणना कार्य पूर्ण कर लिया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर संदेश नायक ने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना सराहनीय है। उन्होंने सुनील कुमार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जनगणना 2027 से जुड़े सभी अधिकारियों और कार्मिकों को उनके कार्यशैली से प्रेरणा लेनी चाहिए।

कार्यक्रम में चार्ज जनगणना अधिकारी एवं तहसीलदार जालसू नेहा चौधरी, संयुक्त निदेशक एवं उप जिला जनगणना अधिकारी बाबूलाल मीणा, सहायक निदेशक सांख्यिकी व प्रभारी जिला जनगणना प्रकोष्ठ सौमदत्त मांडेया, प्रोग्रामर लक्ष्मण चौधरी, एएसओ विजय कुमार शर्मा, एएसओ प्रमोद कुमार गुप्ता तथा एएसओ निकिता अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिला प्रशासन की इस पहल को जनगणना कार्य से जुड़े कार्मिकों के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है।

## जिला कलक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय निवासी सोहिल गोपालपुरिया ने नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक को चूरू जिला कलक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर नगरपरिषद में पट्टों में तथाकथित फर्जीवाड़े के आरोप लगाते हुए ऐसे पट्टों का वितरण रोके जाने की मांग की है। ज्ञापन में सोहिल ने बताया है कि शहर में बने तथा बन रहे पट्टे गलत हैं, जिसकी जिला कलक्टर की मोनिटरिंग में जांच करवाई जाए। ज्ञापन में बताया गया है कि अधिकारी ममनर्जी से जनता को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हालांकि ज्ञापन में एक भी कथित फर्जी पट्टे का उल्लेख या नाम नहीं दिया गया है, जिससे पता चल सके कि कौनसी फाईल फर्जी पट्टे की है, जिसके बारे में आरोप लगाया गया है।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने की आंगनबाड़ी पोषाहार व्यवस्था की समीक्षा

### गुणवत्तापूर्ण पोषण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को सचिवालय में महिला व बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों, गर्भवती महिलाओं व धात्री माताओं को उपलब्ध कराए जा रहे पोषाहार की गुणवत्ता, वितरण व्यवस्था और पोषण संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र पर निर्धारित मानकों के अनुरूप स्वादिष्ट, गुणवत्तापूर्ण व पौष्टिक आहार समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि पोषाहार वितरण प्रणाली में पारदर्शिता, नियमित मॉनिटरिंग और स्वच्छता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोषण योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के बच्चों और मातृशक्ति के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण व सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि बेहतर पोषण व्यवस्था के माध्यम से स्वस्थ व सशक्त राजस्थान के संकल्प को साकार किया जा सकेगा।

## आयुक्त ने मांगी ईपीएफ, ईएसआई की जानकारी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** ठेकेदारों की ओर से श्रमिकों को बैंक खातों के जरिए भुगतान करने की मांग के मामले को लेकर नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त गिरधारीलाल पारीक गंभीर नजर आ रहे हैं। नगरपरिषद की ठेकेदार फर्मों को नोटिस देकर आयुक्त ने तीन दिनों में जानकारी मांगी है कि उनकी ओर से लगाए गए कर्मचारियों के ईपीएफ, ईएसआई के चालान की प्रति जमा करवाई जाए। ये जानकारी जमा नहीं करने पर नियमानुसार कार्यवाही करने की चेतावनी भी नगरपरिषद आयुक्त ने दी है। नगरपरिषद की डिस्पैच शाखा के अनुसार मैसर्स रामप्यारी सियोता इंटरप्राइजेज, अजय कंस्ट्रक्शन कंपनी, प्रिंस कंस्ट्रक्शन कंपनी, एलकेएस कंस्ट्रक्शन कंपनी, अशोक इंटरप्राइजेज, कालूराम सफाई ठेकेदार, प्रतिज्ञा अभिषेक इंटरप्राइजेज को ये नोटिस जारी किए गए हैं।




स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## चिरानिया ने अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के सीकर जिला चेयरमेन अमित चिरानिया ने दिल्ली प्रवास के दौरान सम्मेलन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नाथूराम जैन, सह कोषाध्यक्ष मोहन गुप्ता व विनोद गुप्ता से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर बधाई व शुभकामनाएं दीं। युवा अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री संदीप बजाज ने बताया कि इस अवसर पर अग्रवाल समाज के उत्थान, संगठन की मजबूती, सामाजिक एकजुटता व विभिन्न सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सीकर जिले में समाज की गतिविधियों और सामाजिक समीकरणों पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक के दौरान शेखावाटी क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों खाटूश्यामजी व सालासर बालाजी के दर्शन हेतु सभी पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया। पदाधिकारियों ने समाजहित में मिलकर कार्य करने और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का विश्वास दिलाया।

## शहीद मोगा की प्रतिमा का अनावरण कल

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए सार्जेंट सुरेन्द्र मोगा की प्रतिमा का अनावरण आगामी 10 मई को किया जाएगा। शिक्षाविद्व हरलाल सिंह मोगा ने बताया कि पैतृक गांव मेहरादासी में 10 मई को सुबह 10 बजे प्रतिमा अनावरण किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज कल्याण व झुंझुनूं प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, सैनिक कल्याण सलाहकार समिति अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजौर, झुंझुनूं सांसद बृजेन्द्र सिंह ओला, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़, झुंझुनूं पूर्व सांसद नरेन्द्र खीचड, चूरू विधायक हरलाल सिंह सहारण, झुंझुनूं विधायक राजेंद्र सिंह भामूं, नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह, खेतड़ी विधायक धर्मपाल सिंह, झुंझुनूं भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी आदि मंचासीन अतिथि होंगे।

## हत्या के आरोपी का जमानत आवेदन खारिज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बीदासर के बहु चर्चित मुनेराम हत्याकांड में आरोपी का जमानत आवेदन स्थानीय एडीजे न्यायालय ने खारिज किया है। अपर लोक अभियोजक श्याम सुंदर खंडेलवाल ने बताया कि मुलजिम देवीसिंह पुत्र रामसिंह नि. ढढेरू को भी पुलिस ने मुलजिम मानकर जेल भिजवाया था। जिसका जमानत आवेदन एडीजे कोर्ट में लगने पर न्यायाधीश महेन्द्र प्रताप भाटी ने करते हुए देवीसिंह का जमानत आवेदन पत्र खारिज कर दिया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक श्याम सुन्दर खण्डेलवाल एडवोकेट ने पैरवी की है।

## निविदाओं में अनियमितता की जांच करवाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** वार्ड न. 45 के निवर्तमान पार्षद तरूण सियोता ने जिला कलक्टर चूरू को एक ज्ञापन भेजकर 2026-27 पूर्व आटो टीपर निरस्त कर दोबारा आटो टीपर निविदा निष्पक्ष रूप से आवंटन करवाने तथा जांच में गलत पाए जाने पर पहले से स्वीकृत निविदा को निरस्त करने की मांग की है। ज्ञापन में तरूण सियोता ने बताया है कि आटो टीपर निविदा क्रमांक 190 , 7 अप्रेल 2026 डीएलबी राज्य सरकार की ओर से आमजन के हित में निकाली गई थी, जिसको स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने चहेते वेंडर्स को आवंटित करवाई या करवाई जा रही है। जिसकी उच्च स्तरीय जांच करवाई जावे और गलत पाए जाने पर निरस्त की जाए। साथ ही नियम विरूद्ध निविदा धारकों और गलत रूप से आवंटन करने व प्रक्रिया अपनाने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जावे। इसी प्रकार 2026-27 की ट्रेक्टर ट्रोली मय श्रमिक ड्राइवर व औजार डीजल सहित निविदा संख्या 12363, 18 मार्च 2026 को व सफाई श्रमिक निविदा 12644 दिनांक 24 मार्च 2026 को तकनीकी बिड खोलने के बाद वितीय निविदा खुलवाने व उपापन समिति की ओर से फाइलों में नोटशीट के साथ गड़बड़ी करने के आरोप लगाते हुए मामले की जांच करवाए जाने की मांग ज्ञापन में की गई है।

## शिविर में 84 लोगों ने किया रक्तदान



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** उपखण्ड के गांव जैतासर के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में शिवलाल गौड़ की तृतीय पुण्यतिथि पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में कुल 84 रक्तदाताओं ने अपने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ स्व शिवलाल गौड़ को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस देहात अध्यक्ष दुर्गाराम पारीक, राकेश किलानिया, प्रेमराज शर्मा ने शिवलाल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता व शिविर के प्रेरक गणेशदास स्वामी ने रक्तदान के विषय में विस्तार से जानकारियां दी तथा नेत्रदान को परिवार की परम्परा बनाने का ग्रामवासियों को आव्हान किया। इस अवसर पर हंसराज सिहाग, मुख्तयार खां, देवीदत्त, बाबूलाल शर्मा, चन्द्रभान, महेंद्र सिहाग, शिवनारायण पारीक, दिलीप सिंह पंवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। भंवर लाल गौड़ ने सभी अतिथियों व रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

### 4 साल की मासूम ने खोला मां की मौत का राज

# 'ताई ने दबाया था गला', पति पर अवैध संबंधों के चलते हत्या का आरोप

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं/सादुलपुर(निस)।** चूरू जिले के सादुलपुर कस्बे में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। चार साल की मासूम बेटी ने अपनी मां की मौत को लेकर जो बातें बताईं, उसने मामले को और गंभीर बना दिया है। मासूम ने परिजनों को बताया कि उसकी 'बड़ी अम्मी' ने उसकी मां का गला दबाया था। वहीं पीहर पक्ष ने पति के अवैध संबंधों का पता चलने पर हत्या कर रास्ते से हटाने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर-38 निवासी नाजमीन बानो (26) की 6 मई की रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। नाजमीन का विवाह वर्ष 2018 में मोहम्मद हसन के साथ हुआ था। दंपती की एक चार साल की बेटी है। पति हसन विदेश में काम करता था और करीब एक माह पहले ही घर लौटा था।

### मासूम बेटी ने कही चौंकाने वाली बात:

घटना के बाद डरी-सहमी चार साल की बच्ची ने कई बार पूछने पर बताया कि वह नीचे बैठी थी और उसकी मां को पीटा गया। बच्ची के अनुसार 'दोनों बड़ी अम्मी ने अम्मी का गला दबाया था और फोटो भी ली थी।' बच्ची की इस बात के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

### पति के अवैध संबंधों का आरोप:

मृतका के पिता मोहम्मद सईद ने बताया कि उनकी बेटी को पति के अवैध संबंधों की जानकारी हो गई थी। इसी बात को लेकर करीब 15 दिन पहले ससुराल पक्ष ने उसके साथ मारपीट की थी। उस दौरान नाजमीन ने फोन कर कहा था कि वह ससुराल में सुरक्षित नहीं है और उसे घर ले जाया जाए। हालांकि समाज और रिश्तेदारों के समझाने पर वह ससुराल में ही रही।

### बीमार होने की सूचना, रास्ते में मिली मौत की खबर:

परिजनों के अनुसार 7 मई की सुबह करीब 10 बजे ससुराल पक्ष से फोन आया कि नाजमीन की तबीयत बिगड़ गई है और वह बेहोश है। जब परिवार उसके घर पहुंचने के लिए निकला तो रास्ते में दोबारा कॉल कर बताया गया कि उसकी मौत हो चुकी है। परिवार का आरोप है कि जब वे मौके पर पहुंचे तो नाजमीन का चेहरा ढक रखा था और उन्हें बार-बार चेहरा देखने से रोका गया। बाद में जब जबरदस्ती चुन्नी हटाई गई तो गले पर गहरे निशान दिखाई दिए। पीहर पक्ष का आरोप है कि नाजमीन की 6 मई की रात करीब ढाई बजे गला घोंटकर हत्या की गई। मोबाइल भी नहीं दिया परिजनों ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष नाजमीन का मोबाइल फोन भी नहीं दे रहा है। उन्हें आशंका है कि मोबाइल में ऐसे सबूत हो सकते हैं, जो घटना की सच्चाई सामने ला सकते हैं।

### मां बोली- बेटी को घर भेज देते, जान क्यों ली:

मृतका की मां सुबिया बानो ने रोते हुए कहा कि यदि कोई विवाद था तो बेटी को पीहर भेज देते, उसकी हत्या करने की क्या जरूरत थी। उन्होंने बताया कि करीब सात दिन पहले नाजमीन दवाई लेने घर आई थी, लेकिन उसने कहा था कि वह अपना घर बचाना चाहती है और वापस ससुराल चली गई थी।

### पुलिस जांच में जुटी:

सादुलपुर थाना प्रभारी राजेश सिहाग ने बताया कि मृतका के पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# संदिग्ध वाहनों की सघन तलाशी, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** प्रदेश में अपराध नियंत्रण और सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में मंडावा थाना पुलिस ने कस्बे में सीकर-झुंझुनूं सीमा पर नेशनल हाईवे पर देर रात विशेष नाकाबंदी अभियान चलाकर वाहनों की सघन जांच की। पुलिस महानिदेशक के निर्देशों की पालना में चलाए गए इस अभियान के दौरान संदिग्ध वाहनों की तलाशी लेने के साथ-साथ शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की गई। मंडावा थाना प्रभारी सीआई रामनारायण चोयल के नेतृत्व में पुलिस टीम करीब तीन घंटे तक हाईवे पर मुस्तैदी से तैनात रही। अभियान के दौरान पुलिस ने आने-जाने वाले वाहनों को रोककर दस्तावेजों की जांच की तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी। पुलिस की ओर से वाहनों की गहन तलाशी लेकर ड्रग्स तस्करी, अवैध हथियारों की आवाजाही और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी गई। नाकाबंदी के दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई चालान काटे गए। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने वालों की मौके पर ही ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। जांच में दोषी पाए गए वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक भी किया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे शराब पीकर वाहन नहीं चलाएं और यातायात नियमों की पालना करते हुए सुरक्षित यात्रा करें। थाना प्रभारी सीआई रामनारायण चोयल ने बताया कि पुलिस महानिदेशक के निर्देशों के तहत यह विशेष अभियान चलाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य अपराध नियंत्रण, सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और नशे में वाहन चलाने वालों पर प्रभावी कार्रवाई करना था। उन्होंने कहा कि मंडावा पुलिस भविष्य में भी इस प्रकार के विशेष अभियान लगातार जारी रखेगी, ताकि अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## शिक्षाविद्ध बाकोलिया की पुण्य तिथि मनाई

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 17 स्थित बाल भारती विद्या निकेतन विद्यालय में प्रधानाचार्य रहे सूरजपाल बाकोलिया की 5वीं पुण्यतिथि मनाई गई। स्कूल निदेशक राजन्द्र सनोदिया व स्टाफ व स्कूली बच्चों ने माल्यार्पण करते हुए नमन किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षाविद बाकोलिया ने क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने का कार्य किया है। उन्होंने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय प्रधानाचार्य रहते हुए बेहतर शिक्षा देने का कार्य किया। इसकी देन है कि आज इस विद्यालय से पास आउट हुए छात्र-छात्राएं कई उच्च संस्थान में नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाकोलिया इस क्षेत्र में शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया है। हमें उनके बताए मार्गो पर चलने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर प्रधानाचार्य रहे सूरजपाल बाकोलिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्कूल निदेशक राजेन्द्र सनोदिया बताया कि बाकोलिया महान व्यक्तित्व व विचारों के धनी थे। सामाजिक एवं शैक्षिक कार्यकर्मों में बढचढ़ कर हिस्सा लेते थे। शाला को बुलंदियों पर पहुंचाने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा। उनके लिखे गीत व मारवाड़ी धमाल आज भी बड़े चाव से गाते हैं। उनका कोरोना काल में असामयिक निधन से बहुत बड़ी क्षति की भरपाई असम्भव है। विद्यालय परिवार ने उन्हें भावभीनी व अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रमोदकुमार, अशोककुमार, नेहा सनोदिया, पल्लवी मिश्रा, उमा पाराशर, निलेश सनोदिया, निशा सैनी, पायल छापोला, कल्पना चावला, राकेश सनोदिया उषा सैनी व राकेश मीणा आदि उपस्थित रहे।

## पेट से निकाली पांच किलो की गांठ

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय दुर्गादत्त फतेहपुरिया मातृ व शिशु चिकित्सालय में स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका सिंघाटिया व उनकी टीम की ओर से मरीज सरिता देवी उम्र 23 वर्ष की 5 किलो की गांठ निकाली गई है। इसके लिए एक जटिल आपरेशन किए गया। मरीज के परिजन सीकर, चूरू तक गए पर इलाज ऑपरेशन वहां नहीं हुआ। फिर सुजानगढ़ एमसीएच विंग अस्पताल में सफलता पूर्वक इलाज संपन्न हुआ। मरीज की स्थिति अब सामान्य है। ऑपरेशन करने वाली टीम में एनस्थेटिस्ट डॉ. अशोक बुढ़ानिया, रूघाराम, राजेश, श्रीराम आदि शामिल रहे।

## 10 ग्राम एमडी के साथ दो गिरफ्तार

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय सदर थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एसआई गीतारानी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुढा रोड रोही कानूता पर नाकाबंदी की थी। पुलिस ने सीताराम सियाग (40) निवासी नागौर और रामचन्द्र (24) निवासी कानूता को गिरफ्तार किया है। सीताराम के पास से 2.83 ग्राम और रामचन्द्र के पास से 7.23 ग्राम एमडी मिली।


### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सरदारशहर

क्रमांक :- 153-162 दिनांक :- 06/05/2026

**निविदा सूचना संख्या : 03 / 2026-27 खण्ड सरदारशहर**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला चूरू में कार्यालय सरदारशहर के जीएसटी रिर्टन / टीडीएस के कार्य एवं साफ-सफाई कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के 'ए' एवं 'एए' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी । निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट साईट www.dipronline.org एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
NIB No - PWD2627A0348

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2627SSOB01540 | 2. | PWD2627SSOB01543 |
| 3. | PWD2627SSOB01545 | | |

(राजेन्द्र कुमार सैनी)
अधिशाषी अभियन्ता
सानिवि खण्ड सरदारशहर

DIPR/C/8091/2026

### कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

Email-, msdbhchuru@gmail.com Phone: -01562-250333
क्रमांकः- लेखा/निविदा/2026/393 दिनांकः- 6,5,26

**-: निविदा आमन्त्रण सूचना :-**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय / कार्य हेतु वार्षिक दर संविदा / अनुवन्ध किया जाना है। अतः इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/ अधिकृत फर्मों/डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दो रूपों में निविदा प्रस्ताव यथा - तकनीकी प्रस्ताव व वित्तीय प्रस्ताव हेतु मुहरबन्द लिफाफों में निविदायें आमन्त्रित है। निविदा की शर्ते, निविदा शुल्क, अमानत राशि, अनुमानित लागत, ई निविदा प्रपत्र विक्रय / डाउनलोड कर प्रस्तुत करने / निविदा खोलनें की तिथि व समय इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी कार्यालय कार्य दिवस / समय में और वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखनें /डाउनलोड करनें हेतु अपलोड कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कूलर एवं पंखे रिपेयर कार्य हेतु | 05.70 लाख | 14-05-2026 | MHS2627W SRC00733 |

DIPR/C/8067/2026

सदस्य सचिव (RMRS)
राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर

क्रमांक डी-106-115 दिनांक 05/05/2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्याः 03/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत अटल प्रगति पथ निर्माण कार्य कुल 01 कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूरसंचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन अल्पकालीन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर. पी. डब्ल्यू.ए.-100 की शर्त लागू होगी । अल्पकालीन ई - निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2627A0335 के UBN No. निम्नप्रकार है :-

| S.No. | UBN No. |
|---|---|
| 1. | PWD2627WSOB01492 |

(ऋतिक सांखला)
अधिशाषी अभियन्ता
सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर

DIPR/C/8034/2026

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड - चाकसू

क्रमाक - 290 दिनांक 08.05.2026

**अल्पकालीन ई-टेन्डिरिंग सूचना संख्या 01/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो एवं अपंजीकृत संवेदक (क्र.सं 01 एवं 04 पर अकित टैण्ट कार्य हेतु) से कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट Http//dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp www.sppp.rajasthan.gov.in Http//eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

FINANCE (G&T) DEPARTMENT NOTIFICATION Jaipur, October 22, 2021 (75A. Additional Performance Security.- (1) In addition to Performance Security as specified in rule 75, an Additional Performance Security shall also be taken from the successful bidder in case of unbalanced bid. The Additional Performance Security shall be equal to fifty percent of Unbalanced Bid Amount. The Additional Performance Security shall be deposited in lump sum by the successful bidder before e&ecution of Agreement. The Additional Performance Security shall be deposited through e-Grass, Demand Draft, Bankers Cheque, Government Securities or Bank Guarantee.)

| | |
|---|---|
| निविदा का कार्य | Various Work for VVIP/VIP Visit in PWD Division-Chaksu, Jaipur (4 Nos) |
| कुल अनुमानित लागत | राशि रु. 147.74 लाख |
| कुल धरोहर राशि | अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत |
| निविदा आवेदन/ डाउनलोड करने की तारीख | शुक्रवार, 08 मई, 2026 सायः 6.00 बजे से सोमवार, 11 मई, 2026 अपराहन 1.00 बजे तक |
| निविदा जमा कराने की तारीख | शुक्रवार, 08 मई, 2026 सायः 6.00 बजे से सोमवार, 11 मई, 2026 अपराहन 1.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | सोमवार, 11 मई, 2026 को अपराहन 2.00 बजे |
| प्रोसेसिंग शुल्क एवं निविदा शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प.6 (5) / वित्त/ साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई ग्रास पर आनलाईन के माध्यम से चालान द्वारा (परिपत्र संलग्न) 1. प्रोसेसिंग शुल्क- 8658-00-102-16-02 निर्माण विभाग 2. निविदा शुल्क -0075-00-800-52-01 3. धरोहर राशि- 8443-00-108-00-00 ऑफिस आई.डी. 32826 |

UBN No : (1) PWD2627WSOB01868 (2) PWD2627WSOB01870, (3) PWD2627WSOB01872, (4) PWD2627WSOB01874

(राजीव जैन)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड- चाकसू (जयपुर)

DIPR/C/8185/2026

## रेड क्रॉस दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में विश्व रेड क्रॉस दिवस पर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल व राजकीय उप जिला चिकित्सालय में फल वितरित कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोसायटी की जिला सचिव मोनिका सैनी ने रेड क्रॉस सोसायटी के कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि रेड क्रॉस सोसायटी पूरे विश्व में आपदा राहत कार्य करती है। जिसमें मुख्य रूप से अस्पताल में मरीजों की सेवा करना, युद्ध में घायल सैनिकों की देखभाल करना, ब्लड डोनेशन करना, भूकंप, बाढ़ पीड़ितों आदि लोगों के लिए राहत के कार्य करना है। विद्यालय निदेशक भंवर लाल वर्मा, व्यवस्थापक हिमांशु राय पूर्वा, प्रिंसिपल मनोहर लाल शर्मा ने भी विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को समाज सेवा व जन कल्याणकारी कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके पश्चात विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से राजकीय उप जिला चिकित्सालय में उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा के मुख्य आतिथ्य में मरीजों व जरूरतमंदों को फल वितरित किए गए। इस अवसर पर मोनिका सैनी, डॉ किशनलाल सिहाग, डॉ अविकल्प प्रकाश, कानाराम, ओमप्रकाश वर्मा, मयंक मोदी आदि मौजूद रहे।

## मातृ दिवस' के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता आयोजित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** मातृ दिवस पर गीतांजलि स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन दामोदर गौतम ने दीप प्रज्वलन और माँ सरस्वती की वंदना के साथ किया। ?इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त करने के लिए कई प्रस्तुतियां दीं। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने 'माँ' को समर्पित भावुक कविताएं सुनाईं, तो वहीं वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से परिवार में माँ के निस्वार्थ योगदान और महत्व को दर्शाया। ?विद्यालय के निदेशक गौरव गौतम ने कहा कि 'माँ बच्चे की पहली गुरु होती है और उनके संस्कारों से ही समाज का निर्माण होता है।' विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक विनय गौतम ने सभी 45 विजेता विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने अपनी माताओं को हस्तनिर्मित ग्रीटिंग कार्ड भेंट किए।



## महापुरूषों की मूर्तियां नेहरू पार्क में लगने तक जारी रहेगा आंदोलन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** महापुरूषों की मूर्तियां लगवाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर नगरपरिषद कार्यालय के बाहर चल रहा धरना लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में दिए जा रहे धरने पर इकबाल खान कायमखानी, शशिकान्त तेजस्वी, मुकेश गोयल, अजय सियोता, विनोद ढ़ेनवाल, हंसराज, अमित लाखन, मुरारी, शाहिद खान कायमखानी, राजेश लाखन, राजेश, सुनील सियोता, इरफान खान, राजा खान, मुकेश सैन, इरशाद खादि आदि बैठे। धरनार्थी अजय ढ़ेनवाल ने कहा कि जब तक महापुरूषों की मूर्तियां नेहरू पार्क में नहीं लग जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप की ओर से हाल ही में धरने को लेकर लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए कांग्रेस नेता अजय ढ़ेनवाल ने कहा कि यह धरना टेंडर लेने के लिए नहीं है, बल्कि महापुरूषों के सम्मान की लड़ाई है। पार्षद रह चुके इकबाल खान कायमखानी ने बताया कि पांच दिन बीत गए हैं और प्रशासन का एक अधिकारी वार्ता करने तक नहीं आया, जिससे पता चलता है कि अधिकारियों में जनहितों के प्रति कितनी संवेदनहीनता है।

## नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम ने की कार्रवाई

### 23 हजार 500 रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 12 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशानुसार व पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में शुक्रवार को सतर्कता शाखा की ओर से नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में गोविन्दपुरा चोराहा, मालपुरा डिग्गी रोड़, सांगानेर बाजार, दुर्गापुरा पुलिया के नीचे एसबीआई बैंक, सिटी पार्क मानसरोवर, वरूणपथ मानसरोवर, नर्सरी पार्क वैशाली नगर व खातीपुरा रोड़, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार, दीनानाथ की गली सरकारी स्कूल के पास, गोपीनाथ जी का मंदिर चांदपोल बाजार, चोगान, राजामल का तालाब ब्रह्मपुरी, पांच बत्ती, स्टेच्यू सर्किल, युधिष्ठर मार्ग, जनपथ रोड़, वानिकी पथ विधिक सेवा मार्ग, सहदेव मार्ग सचिवालय रोड, सी-स्कीम, अशोक नगर रोड़ तक अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 23 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 12 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में गोविन्दपुरा चौराहा, मालपुरा रोड़, सांगानेर बाजार, दुर्गापुरा पुलिया के नीचे एसबीआई बैंक, सिटी पार्क मानसरोवर, वरूणपथ मानसरोवर, नर्सरी पार्क वैशाली नगर व खातीपुरा रोड़, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चोपड़, गणगौरी बाजार, दीनानाथ की गली सरकारी स्कूल के पास, गोपीनाथ जी का मंदिर चांदपोल बाजार, चोगान, राजामल का तालाब ब्रह्मपुरी, पांच बत्ती, स्टेच्यू सर्किल, युधिष्ठर मार्ग, जनपथ रोड़, वानिकी पथ विधिक सेवा मार्ग, सहदेव मार्ग सचिवालय रोड, सी-स्कीम, अशोक नगर रोड़ तक अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 12 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया

# राष्ट्रीय कर्मयोगी अवार्ड से सम्मानित हुए आरएएस अधिकारी मुकेश कुमार

### हार्टफुलनेस मेडिटेशन के माध्यम से तनाव प्रबंधन, जनसेवा व युवा प्रेरणा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मिला राष्ट्रीय सम्मान

जयपुर टाइम्स



**उदयपुर(कासं)।** जयभद्र फाउंडेशन संस्थान नई दिल्ली की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी मुकेश कुमार को तीसरे कर्मयोगी सम्मान समारोह में 'राष्ट्रीय कर्मयोगी अवार्ड' से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान नई दिल्ली के इंडिया हेबिटेट सेंटर में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। इस समारोह में देशभर के प्रशासन, सामाजिक सेवा, चिकित्सा, वित्तीय एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। समारोह में लगभग पचास से अधिक आईएएस, आईपीएस, आइआरएस अधिकारियों के साथ चिकित्सा विशेषज्ञों, वित्तीय क्षेत्र के अधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान प्रदान किया गया। वर्तमान में राजस्थान के राज्यपाल के उप सचिव के रूप में कार्यरत मुकेश कुमार पूर्व में चित्तौड़गढ़, उदयपुर, जोधपुर सहित विभिन्न जिलों व विभागों में अतिरिक्त जिला कलेक्टर, उपखंड अधिकारी और अन्य महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए भी निरंतर सक्रिय रहे हैं। मुकेश कुमार अंतराष्ट्रीय संस्थान हार्टफुलनेस मेडिटेशन के सर्टिफाइड ट्रेनर व जोनल कोऑर्डिनेटर भी हैं। वे नि:शुल्क रूप से सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के बीच तनाव प्रबंधन, मानसिक संतुलन और सकारात्मक कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ध्यान आधारित सेशन आयोजित करते रहे हैं। उनके इन प्रयासों से अनेक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं। इसके साथ ही वे युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं व अन्य प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए प्रेरित करने, व्यक्तित्व विकास तथा आत्मविश्वास निर्माण के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। ध्यान, आध्यात्मिक जागरूकता और आंतरिक संतुलन के माध्यम से समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने की उनकी पहल को व्यापक सराहना मिल रही है। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि वर्तमान समय में तनावपूर्ण जीवनशैली के बीच ध्यान और मानसिक संतुलन की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है, और इस दिशा में मुकेश कुमार का योगदान प्रेरणादायी व अनुकरणीय है। यह सम्मान उनके प्रशासनिक दायित्वों के साथ-साथ समाज और मानव कल्याण के प्रति उनकी सतत प्रतिबद्धता का प्रतीक माना जा रहा है।

## मुहाना मंडी में बड़ा एक्शनः 10 हजार किलो सड़े-गले फल और एक्सपायरी खजूर नष्ट, व्यापारियों को नोटिस

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुक्रवार को मुहाना मंडी में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 10 हजार किलो सड़े-गले फल और एक्सपायरी खजूर नष्ट करवाए। कार्रवाई आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देश पर की गई। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह के निर्देशन में केंद्रीय दल एवं जयपुर प्रथम और द्वितीय की संयुक्त टीम को गर्मियों में फलों की गुणवत्ता की निगरानी के लिए मुहाना मंडी भेजा गया था। टीम ने मंडी में आम के गोदामों और कोल्ड स्टोरेज का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुहाना मंडी स्थित मैसर्स अरावली ट्रेड विजन कोल्ड स्टोरेज में भारी मात्रा में खराब और सड़े-गले फल पाए गए। यहां करीब 8500 किलो सेब, अंगूर, अनार और ऑरेंज सहित विभिन्न फलों में फंगस लगी मिली। इसके अलावा 1500 किलो एक्सपायरी खजूर भी स्टॉक में रखा हुआ था। कोल्ड स्टोरेज प्रबंधन ने बताया कि ये फल अलग-अलग व्यापारियों द्वारा स्टोर करवाए गए थे। सूचना मिलने पर कुछ व्यापारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने स्वीकार किया कि खराब फलों की छंटाई कर उन्हें धोकर फुटकर बाजार में कम दामों में बेच दिया जाता है। इस पर टीम ने संबंधित व्यापारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए ऐसे फलों की बिक्री नहीं करने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने उच्चाधिकारियों को अवगत करवाने के बाद जनहित को ध्यान में रखते हुए सभी दूषित फलों और



एक्सपायरी खजूर को मंडी के डंपिंग यार्ड में नष्ट करवाया। संबंधित व्यापारियों को नोटिस जारी कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। कार्रवाई के दौरान टीम ने आम के गोदामों का भी निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि आमों को अप्रूव्ड इथाइलीन गैस से पकाया जा रहा है। अधिकारियों ने फल व्यापार संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षित तरीके से फल पकाने की जानकारी दी और सड़े-गले फलों की बिक्री रोकने के निर्देश दिए। साथ ही फल एवं सब्जी विक्रेताओं को खाद्य कारोबार के लिए अनिवार्य एफएसएसएआई लाइसेंस बनवाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद शर्मा, देवेंद्र राणावत, अमित शर्मा, लोकेश शर्मा, सुशील चोटवानी, विनोद थारवान, रमेश यादव, नंदकिशोर कुमावत, अवधेश गुप्ता, नरेश चेजारा एवं विशाल मित्तल शामिल रहे ।

## रेडक्रॉस दिवस पर महिला स्वच्छता सैनानियों का सम्मान

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** इंडियन रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रतननगर नगरपालिका परिसर में महिला स्वच्छता सैनानियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। चूरू जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की पहल पर आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका रतननगर की समस्त महिला स्वच्छता कर्मियों को साड़ियां वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका की अधिशाषी अधिकारी संजू चौधरी ने कहा कि सेवा, करुणा और समर्पण ही रेडक्रॉस का मूल संदेश है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता सैनानियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा गया कि वे शहर की सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। भीषण गर्मी और कठिन परिस्थितियों में भी वे पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। इस मौके पर नगरपालिका के कनिष्ठ सहायक मनोहर सिंह, शंकरलाल पूनियां, नगरपालिका पीआरओ किशन उपाध्याय, कृष्ण सिंह, रमेश कुमार, श्यामसुंदर एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनीष चोटिया सहित नगरपालिका स्टाफ और आमजन मौजूद रहे।

## *जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा बैठक*

### 14 से 15 वर्ष की किशोरियों के शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए शिक्षा एवं चिकित्सा विभाग को दिए आवश्यक निर्देश



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को लेकर शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की प्रगति, विभागीय समन्वय तथा शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि जिले की प्रत्येक पात्र किशोरी तक एचपीवी वैक्सीन पहुंचना सुनिश्चित किया जाए तथा अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग एवं चिकित्सा विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए विद्यालयवार छात्राओं की सूची तैयार कर टीकाकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही अभिभावकों एवं छात्राओं को वैक्सीन के महत्व के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग (आईसीडीएस) की भूमिका पर भी विशेष जोर दिया गया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से पात्र किशोरियों एवं उनके अभिभावकों को एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूक करने तथा टीकाकरण अभियान में सक्रिय सहयोग देने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर अभिभावकों से की अपील करते हुए कहा कि भ्रांतियों पर ध्यान न दे। अपनी बेटी के स्वस्थ और सुरक्षित जीवन के लिए टीकाकरण अवश्य करवाए। यह टीका सुरक्षित, प्रभावी और भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का मजबूत माध्यम है। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने में प्रभावी है तथा यह पूरी तरह सुरक्षित एवं लाभकारी है। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं पर भी नि:शुल्क टीकाकरण की व्यवस्था की गई है। इस दौरान जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शिव कुमार शर्मा ने टीकाकरण में अब तक हुई प्रगति के बारे में अवगत कराया। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी सुक्खो देवी, उप निदेशक आईसीडीएस भूपेश गर्ग सहित सभी खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहें।

## जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला सहकारी विकास समिति की बैठक गुरुवार को जिला कलक्टर एवं समिति अध्यक्ष श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में सहकारी आंदोलन को अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाना रहा। बैठक में जिला कलक्टर ने सहकारी समितियों से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने पैक्स के कंप्यूटरीकरण, ग्राम पंचायत स्तर पर बहुउद्देशीय सेवा सहकारी समितियों के गठन तथा समितियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाओं के विस्तार को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही अनाज भंडारण के लिए गोदाम निर्माण तथा पैक्स को कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में विकसित करने की योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि क्रय विक्रय सहकारी समितियों एवं ग्राम सेवा सहकारी समितियों में गोदाम निर्माण के लिए भूमि आवंटन किया जा चुका है। वहां शीघ्र गोदाम निर्माण की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने जन औषधि केंद्रों के संचालन को अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आमजन को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निष्क्रिय सहकारी समितियों को पुनः सक्रिय करने तथा भूमि एवं भवन विहीन ग्राम सेवा सहकारी समितियों को भूमि आवंटन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों में डाटा कैप्चरिंग एवं रिकॉर्ड संधारण का कार्य अधिक व्यवस्थित और तकनीकी रूप से किया जाए, जिससे समितियों की कार्यप्रणाली पारदर्शी एवं प्रभावी बन सके। जिला कलक्टर ने निर्धारित समय सीमा में भुगतान सुनिश्चित करने तथा राज्य स्तरीय रैंकिंग में धौलपुर जिले की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में रबी सीजन 2026-27 के लिए समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था की भी समीक्षा की गई तथा किसानों को समय पर सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान केन्द्रीय सहकारी बैंक द्वारा साइबर धोखाधड़ी से सुरक्षित, लॉकर सुविधा एवं कृषि-अकृषि ऋण एकमुश्त समाधान योजना की जानकारी के पोस्टरों का विमोचन किया गया। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद बबली राम जाट, उप रजिस्ट्रार सहकारिता विभाग सतेन्द्र सिंह मीना, सचिव भूमि विकास बैंक तारा चन्द मेहरा, प्रबंध निदेशक कॉ-ओपरेटिव बैंक भरतपुर नरेश शुक्ला सहित संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# किसान समृद्ध होंगे तो गांव और देश बनेगा खुशहालःजवाहर सिंह बेढ़म

### ग्राम विकास चौपाल में किसानों, पशुपालकों और युवाओं से किया सीधा संवाद

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राज्य मंत्री गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी व मत्स्य विभाग व जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गुरुवार को धौलपुर के ग्राम धनौरा में आयोजित ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम में किसानों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि किसान मजबूत होगा तो गांव, प्रदेश और देश स्वतः समृद्ध और खुशहाल बनेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए लगातार योजनाएं संचालित कर रही हैं, जिनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के हित में अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं से लाखों किसान लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों को दी जाने वाली सम्मान निधि को 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 9 हजार रुपये कर दिया है तथा भविष्य में इसे 12 हजार रुपये तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने किसानों से आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि कृषि पर्यवेक्षकों से संपर्क कर नई तकनीकों की जानकारी लें, मृदा परीक्षण करवाएं तथा ग्रीन हाउस खेती, जैविक खेती और वर्मी कम्पोस्ट जैसी उन्नत पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन और आय दोनों बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को बीज किट उपलब्ध करा रही है और कृषि संयंत्रों पर अनुदान भी दिया जा रहा है। पशुपालकों के हितों का उल्लेख करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना शुरू कर पशुपालकों को आर्थिक मजबूती देने का कार्य किया है। पशुओं के उपचार के लिए मोबाइल वेटरनरी यूनिट संचालित की जा रही हैं तथा दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए दूध संकलन केंद्रों की संख्या में लगातार वृद्धि की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं को मजबूत करने के लिए रामजल सेतु लिंक परियोजना सहित विभिन्न जल परियोजनाओं के कार्यों को गति दी गई है ताकि किसानों को पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध हो सके। साथ ही बिजली क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं और प्रदेश के 24 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने किसानों से पीएम कुसुम योजना से जुड़कर 'अन्नदाता के साथ ऊर्जा दाता' बनने का आह्वान किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि राजस्थान जीरा, ईसबगोल, सरसों और धनिया जैसी फसलों के उत्पादन में देश में अग्रणी है। प्रदेश में कृषि आधारित प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित होने से स्थानीय स्तर पर युवाओं को रोजगार मिलेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि सहकारिता क्षेत्र को भी मजबूत किया जा रहा है तथा नए पैक्स खोले जा रहे हैं। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पारदर्शी भर्ती परीक्षाएं आयोजित कर रही है तथा पेपरलीक मामलों में दोषियों पर सख्त कार्रवाई की गई है। अब तक सवा लाख से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। उन्होंने युवाओं से केवल नौकरी लेने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनने का आह्वान करते हुए स्वरोजगार योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।